


दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 260

ग्वालियर, गुरुवार 09 जून 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.




## वंदे मातरम भवन पहुंचकर नडडा ने कहा यह पहुंचकर गर्व महसूस हो रहा

**कोलकाता।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा हुगली पहुंचे। इस दौरान नडडा बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के घर पर भी पहुंचे, जहां उन्होंने भारत का राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम लिखा था। नड्डा हुगली जिले में स्थित चुंचड़ा में वंदे मातरम भवन का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि 'वंदे मातरम जो भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान मंत्र बन गया, यहां बंकिम चंद्र जी ने लिखा था। आज इस जगह का दौरा करके मुझे गर्व महसूस हो रहा है। बता दें कि जेपी नड्डा राज्य के दो दिवसीय दौरे पर मंगलवार को कोलकाता पहुंचे। नड्डा 8 और 9 जून को बंगाल में पार्टी के अलग-अलग कार्यक्रमों में हिस्सा लेने वाले है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दौरे में नड्डा पार्टी नेताओं के साथ संगठनात्मक बैठकें कर आपसी अंतर्कलह से जूझ रही पार्टी को फिर से एकजुट करने की कोशिश करें। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नडडा तय कार्यक्रम के हिसाब से हुगली जिले के चंदननगर स्थित रास बिहारी बोस अनुसंधान संस्थान का दौरा करने वाले है। वहीं अगले दिन गुरुवार को जेपी नड्डा बेलूर मठ भी जाएंगे। वह स्वामी विवेकानंद को श्रद्धा सुमन अर्पित कर बेलूर मठ का महंत और संतों से मुलाकात करे। इसके बाद जेपी नड्डा राज्य के पार्टी सांसदों, विधायकों व पदाधिकारियों के साथ बैठक करने वाले है। वहीं गुरुवार की दोपहर में साइंस सिटी सभागार में कार्यकर्ता सम्मेलन को भी संबोधित करने वाले है।



# उत्तर और मध्य भारत के लोग इन दिनों भीषण गर्मी से बेहाल

### कई शहरों में लू चलने के साथ-साथ तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार



**नई दिल्ली।** उत्तर और मध्य भारत के लोग इन दिनों भीषण गर्मी से बेहाल हैं। दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात और मध्य प्रदेश के कई शहरों में लू चलने के साथ-साथ तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 3-4 दिनों तक इन इलाकों के लोगों को गर्मी से राहत नहीं मिलने वाली है। वैसे देखा जाए तो जून के पहले हफ्ते से इन इलाकों में गर्मी थोड़ी कम हो जाती है। केरल में मानसून के समय से तीन दिन पहले आने के बाद उम्मीदें और भी बढ़ गई थी लेकिन इस बार ऐसा कुछ नहीं दिख रहा है। दरअसल कहा जा रहा है कि मानसून की रफ्तार थोड़ी धीमी पड़ गई है। ऐसे में देश के कई इलाकों में तापमान कम नहीं हो रहे हैं। पिछले करीब एक हफ्ते से कर्नाटक में मानसून अटका हुआ है। कहा जा रहा है कि अगले 4-5 दिनों तक इसकी रफ्तार भी नहीं बढ़ने वाली है। मौसम ?विभाग के मुताबिक 7 जून तक भारत में प्री-मानसूनी बारिश 37 फीसदी कम हुई। जबकि पिछले दो हफ्ते से पूर्वोत्तर के राज्यों में लगातार बारिश हो रही है। देश के कई राज्यों में प्री मानसूनी बारिश अभी तक 94 फीसदी कम हुई है। यहीं वजह है कि उत्तर और मध्य भारत में फिर से लू चलनी शुरू हो गई है और ये अगले 2-3 दिनों तक जारी रह सकती है। इस बीच दक्षिण पश्चिम मानसून तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकाल और बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम और पश्चिम मध्य हिस्सों में आगे बढ़ा। मानसून के कम से कम अगले एक सप्ताह में कमजोर रहने के आसार हैं और 15 जून के बाद रफ्तार पकड़ने के बाद अच्छी बारिश की संभावना है।

### पश्चिमोत्तर व मध्य भारत लू की चपेट में, थोड़ा बढ़ा मानसून

**नई दिल्ली।** पश्चिमोत्तर भारत एवं मध्य भारत लू की चपेट में हैं तथा 46.6 डिग्री सेल्सियस के साथ बांदा सबसे गर्म स्थान रहा। शुक्रवार तक गर्मी से किसी राहत की संभवान मिसने के आसार नहीं हैं। राजस्थान, हरियाणा, पंजाब, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ के कम से कम 37 शहरों एवं नगरों में अधिकतम तापमान 44 डिग्री के ऊपर रहा। इस बीच दक्षिण पश्चिम मानसून तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकाल एवं बंगाल की खाड़ी के दक्षिण पश्चिम एवं पश्चिम मध्य हिस्सों में आगे बढ़ा। मानसून के कम से कम अगले एक सप्ताह में कमजोर रहने के आसार हैं और 15 जून के बेद उसके रफ्तार पकड़ने के बाद अच्छी वर्षा की संभावना है। दिल्ली के आधार स्टेशन, सफदरजंग स्थित वेधशाला, में अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से तीन डिग्री ज्यादा है। मौसम कार्यालय ने कहा कि अगले दो-तीन दिनों तक पश्चिमोत्तर एवं मध्य भारत में अधिकतम तामपान में किसी बड़े बदलाव की कोई गुजाइंश नहीं है तथा उसके बाद पारा दो से तीन डिग्री तक लुढक सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा, जम्मू संभाग, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाण-दिल्ली और पूर्वी मध्यप्रदेश में 7 से 9 जून तक अलग अलग स्थानों पर लू की आशंका है। उसने कहा कि उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिम मध्यप्रदेश में बुधवार को लू का अहसास हो सकता है जबकि अरब सागर से दक्षिण प्रायद्वीप भारत की ओर पछुआ हवा चलने के कारण कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप में अगले पांच दिनों तक बौछारें व आसमान में बिजली चमक सकती है।

## मोदी सरकार ने सभी अल्पसंख्यकों को तरक्की में बराबर का हिस्सेदार बनाया: नकवी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा पिछले आठ सालों में नरेंद्र मोदी सरकार के भेदभाव रहित विकास के संकल्प ने अल्पसंख्यकों समेत सभी वर्गों को तरक्की में बराबर का भागीदार बनाया है। यही माहौल भारत विरोधी तत्वों की बेचैनी का कारण है। उन्होंने कहा भारत में सह-अस्तित्व का समावेशी संस्कार किसी को भी संकीर्ण सांप्रदायिक साजिश का शिकार नहीं होने देता। नकवी ने कहा वसुधैव कुटुम्बकम् के संस्कार और सर्वे भवन्तु सुखिनः के संकल्प का ही नतीजा है कि हिंदुस्तान में दुनिया के सभी धर्मावलंबी समानता, स्वतंत्रता और समावेशी माहौल में फल-फूल रहे हैं। उन्होंने कहा अलकायदा, मुसलमानों की हिफाजत नहीं मुसीबत है जो इस्लाम को सुरक्षा कवच बनाकर इंसानियत को लहूलुहान करने में लगा है। नकवी ने कहा दुनिया भर में रहने वाले हर दस मुसलमान में से एक मुसलमान भारत में सामाजिक, आर्थिक, शैक्षिक, धार्मिक, संवैधानिक स्वंत्रता और सुरक्षा के साथ रह रहा है। वहीं पड़ोस के इस्लामिक देश में अल्पसंख्यकों के साथ हो रहे जुर्म और जुल्म पर खामोशी के चुनिंदा अधिकारों और स्वतंत्रता की सोच आश्चर्यचकित करने वाली है। नकवी ने कहा कि भारत में तीन लाख से ज्यादा मस्जिदें हैं, जहां इबादत होती है, इतने ही अन्य इबादतस्थल हैं। हजारों चर्च, गुरुद्वारे, बौद्ध प्रार्थना घर, पारसी और जैन मंदिर और पूजा स्थल हैं। इस तरह 50 हजार से ज्यादा पंजीकृत मदरसे हैं, 50 हजार से ज्यादा अन्य अल्पसंख्यक शिक्षण संस्थान। जो कई इस्लामिक देशों से भी ज्यादा हैं। यह सभी एक भारत-श्रेष्ठ भारत और अनेकता में एकता की ताकत के एहसास को पुख्ता करते हैं।





## नूपुर शर्मा को भेड़ियों के बीच अकेले नहीं छोड़ा जाना चाहिए: उमा भारती

**नई दिल्ली।** बीजेपी नेता उमा भारती ने पार्टी से सस्पेंड की गई नूपुर शर्मा को लेकर सहानुभूति जाहिर की है। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने कहा कि पार्टी ने उनके बयान पर उनके खिलाफ सही एक्शन लिया है, लेकिन इसके बावजूद हम सबको नूपुर के साथ खड़ा होना चाहिए। खरी-खरी कहने वाली उमा भारती ने कहा कि नूपुर को मिल रही धमकियों के मद्देनजर मुस्लिम नेताओं को भी उनके पक्ष में सबके साथ खड़ा होना चाहिए। बीजेपी नेता उमा भारती ने नूपुर शर्मा प्रकरण पर साफ कहा कि नूपुर ने पार्टी लाइन के ख़िलाफ़ जाकर दूसरे धर्म के ख़िलाफ़ बोला, इसलिए पार्टी ने उनके साथ सही किया। उन्होंने कहा कि नूपुर के बयान पर इस्लामिक देशों की प्रतिक्रिया वाजिब है। वहां धर्म और समाज अलग नहीं हैं। बीजेपी नेता उमा भारती ने भड़काऊ बयानों के लिए यूपी चुनावों को जवाबदेह ठहराया है। उन्होंने कहा कि भड़काऊ बयानों की आग यूपी चुनाव से शुरू हुई थी, जो अब दावानल बन गई है।

## जम्मू कश्मीर में दो मुठभेड़ों में मारे गए 3 आतंकी, इनमें एक पाकिस्तानी



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा और शोपियां जिलों में सुरक्षा बलों के साथ दो अलग-अलग मुठभेड़ में तीन आतंकवादी मारे गए थे। इनमें से एक पाकिस्तानी नागरिक है। पुलिस ने बताया कुपवाड़ा मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के दो आतंकवादी मारे गए, जबकि शोपियां में अभियान में हिजबुल मुजाहिदीन (एचएम) का एक आतंकवादी मारा गया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कुपवाड़ा के कंडी इलाके में आतंकवादियों की गतिविधियों की सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने घेराबंदी कर संयुक्त विशेष तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलियां बरसानी शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि इसके बाद सुरक्षा बलों ने जवाबी कार्रवाई शुरू की और मुठभेड़ शुरू हो गयी। प्रवक्ता ने बताया कि मुठभेड़ में एक विदेशी समेत दो आतंकवादी मारे गए और उनके शव घटनास्थल से बरामद किए गए हैं।

आतंकवादियों की पहचान त्राल निवासी इश्तियाक अहमद लोन और पाकिस्तान के लाहौर निवासी तुफैल के रूप में हुई है, दोनों प्रतिबंधित आतंकी समूह लश्कर से जुड़े थे। प्रवक्ता ने कहा कि ऐसा माना जाता है कि वह सोमवार को सोपोर के जालूर इलाके में एक ऑपरेशन के दौरान फरार आतंकवादियों से ये मुलाकात करने वाले थे। उन्होंने कहा ज़ालूर अभियान में लश्कर का एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया, जबकि तीन अन्य मौके से फरार हो गए।

मुठभेड़ स्थल से आपत्तिजनक सामग्री और दो एके-सीरीज राइफल सहित हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। प्रवक्ता के अनुसार अन्य छिपे हुए आतंकवादियों को पकड़ने के लिए इलाके में तलाशी अभियान अब भी जारी है। प्रवक्ता ने कहा कि सुरक्षाकर्मियों ने दक्षिण कश्मीर के शोपियां के बदीमर्ग-अलौरा इलाके के बागानों में एक आतंकवादी की मौजूदगी के बारे में विशेष सूचना मिलने के बाद एक और अभियान शुरू किया।

## खास खबर

### पाकिस्तान के बलूचिस्तान में यात्री वाहन खाई में गिरा, 22 लोगों की मौत

**कराची।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में एक यात्री वाहन के सैकड़ों फुट गहरी खाई में गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है। वाहन चालक किल्ला सैफुल्ला के पास अख्तरजई के पर्वतीय इलाके में 1,572 मीटर की ऊंचाई पर एक तेज घुमावदार मोड़ से गुजरते वक्त वाहन को नियंत्रित करने में विफल रहा। घटना में एक बच्चे सहित 22 लोगों की मौत हुई है। उपायुक्त हाफिज मुहम्मद कासिम ने कहा कि यात्री बस जोब से लोरालिया जा रही थी। उन्होंने बताया, वाहन अख्तरजई के पास एक पहाड़ी की चोटी से गिर गया। हमारे द्वारा अब तक 10 शव बरामद किए हैं, क्योंकि पहाड़ों में गहरी खाई के कारण बचाव अभियान में मुश्किल आ रही है। आस-पास के अस्पतालों में अलर्ट जारी कर बचाव अभियान में मदद के लिए क्वेटा से कई टीम को बुलाया गया है। विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने दुर्घटना पर दुख व्यक्त कर अधिकारियों से घायलों के लिए हर संभव चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का आग्रह किया और भविष्य में ऐसी दुर्घटनाओं से बचने के लिए कदम उठाने का आह्वान किया। देश के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दुर्गम और पर्वतीय इलाकों के कारण हर साल सड़क दुर्घटनाओं में सैकड़ों लोगों की मौत हो जाती है।

### चीन के सहयोग से बन रहे बंदरगाह का चीन की सेना नहीं करेगी इस्तेमाल

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया ने चीन के सहयोग से शुरू हो रहे बंदरगाह विस्तार की परियोजना को लेकर फिर सफाई देकर कहा है कि इस बंदरगाह पर चीनी सेना की उपस्थिति नहीं होगी। उल्लेखनीय है कि बंदरगाह को लेकर अमेरिका में चिंता है, अमेरिका को लगाता है कि थाईलैंड की खाड़ी में बंदरगाह का इस्तेमाल चीन नौसैनिक ठिकाने के तौर पर कर सकता है। कंबोडियाई सरकार के मुख्य प्रवक्ता फे सिफान ने कहा कि रीम नौसेना ठिकाने का विस्तार ''चीन और कंबोडिया के सहयोग''का प्रतीक है। उन्होंने हालांकि, अखबार में चीनी अधिकारी के हवाले से छपी खबर का खंडन किया है। इस खबर में अधिकारी के हवाले से कहा गया था कि कांबोडिया के उत्तरी हिस्से स्थित ठिकाने का इस्तेमाल चीन की सेना करेगी। सिफान ने कहा कि विदेशी सेना की मेजबानी करना कंबोडिया के संविधान का उल्लंघन होगा और चीन के साथ बंदरगाह के निर्माण के लिए हुए समझौते में उनके देश ने कोई बदलाव नहीं किया है।

### सनकी ने 100 लड़कियों पर सीरिंज से किया अटैक, अब सभी का किया जाएगा एचआईवी टेस्ट

**पेरिस।** फ्रांस में एक सनकी युवक पर भीड़ में सुई से हमला करने का आरोप है। दक्षिण फ्रांस में कई घटनाओं के सामने आने के बाद इस युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। शुक्रवार शाम को टौलॉन के रिवेरा समुद्री तट पर एक टीवी संगीत कार्यक्रम की शूटिंग के दौरान 20 लोगों ने सुई से घायल होने की सूचना दी थी। एक महिला को सुई से हमले के बाद अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस मामले की जांच के दौरान कम से कम 100 लड़कियों पर सीरिंज से अटैक का खुलासा हुआ है। इन सभी का एचआईवी टेस्ट कराया जाएगा। इस शख्स पर गंभीर और पूर्वनियोजित सशस्त्र हिंसा का आरोप लगाया गया है। आरोपी ने हमले के आरोपों से इनकार किया है। उसके विरुद्ध गवाहों के पर्याप्त बयान हैं, जिनके आधार पर उसे अदालत में पेश किया जा सकता है। म्यूजिक फेस्टिवल की शूटिंग के दौरान नए मामले देखने को मिले हैं। पूर्वी फ्रांस के के बेलफोर्ट में एक उत्सव के दौरान 17-18 साल की उम्र के छह किशोरियों ने उनके हाथ और बाहों में अचानक तेज दर्द की शिकायत की है।

## पैगंबर मोहम्मद मामले राहुल गांधी का मोदी सरकार पर हमला, अराजक सत्तारूढ़ पार्टी के मूल में



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पैगंबर मोहम्मद पर विवादित टिप्पणी को लेकर उपजे विवाद की पृष्ठभूमि में बुधवार को भारतीय जनता पार्टी पर तीखा प्रहार कर आरोप लगाया कि 'फ्रिंज' (अराजक) सत्तारूढ़ पार्टी के मूल में है। कांग्रेस ने सवाल भी किया कि नुपुर शर्मा और नवीन कुमार जिंदल की टिप्पणी से खड़े हुए विवाद को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और विदेश मंत्री एस जयशंकर चुप क्यों हैं? भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय प्रवक्ता नुपुर शर्मा को निलंबित कर दिया था और अपनी दिल्ली इकाई के मीडिया प्रमुख नवीन कुमार जिंदल को निष्कासित कर दिया था। पैगंबर मोहम्मद पर दोनों नेताओं की कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर कुछ मुस्लिम देशों ने कड़ी आपत्ति जाहिर की है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्वीट किया, भाजपा के मूल में 'फ्रिंज' है।'' पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कहा, प्रधानमंत्री चुप हैं, गृह मंत्री चुप हैं। विदेश मंत्री भी इस मुद्दे पर चुप हैं। पूरा विश्व देख रहा है कि ये लोग चुप हैं। ऐसा क्यों है? उन्होंने कहा, इस देश के विपक्ष, बुद्धिजीवी, सेवानिवृत्त नौकरशाह और बचे-खुचे स्वतंत्र मीडिया ने पहले बार-बार यह एहसास कराने की कोशिश की थी कि यह देश विविधताओं का देश है, इस छोटे दिल-दिमाग से नहीं चलाया जा सकता। लेकिन इस सरकार ने कुछ नहीं समझा। खेड़ा ने दावा किया, प्रधानमंत्री जी, आज दूसरे देशों की घुड़की पर आपने अपने दल के अधिकृत प्रवक्ताओं को 'फ्रिंज' (अराजक) कह दिया। प्रधानमंत्री जी, आप भी इन्हीं गलियों से गुजरकर यहां तक पहुंचे हैं। आप आज नुपुर शर्मा और नवीन कुमार जिंदल को फ्रिंज कह रहे हैं, लेकिन भविष्य में इन्हीं लोगों को भाजपा की मुख्यधारा में लाया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया, ''पाकिस्तान 70 साल में जो काम नहीं कर पाया, वह काम इस सरकार ने अपनी करतूत से कर दिया। पाकिस्तान दुनिया के देशों को भारत के खिलाफ लामबंद होने की कोशिश करता रहा, लेकिन सफल नहीं हो सका था। आज दुनिया के देश इस सरकार और भाजपा के चलते भारत के खिलाफ लामबंद हैं।'' कांग्रेस प्रवक्ता ने ओमान स्थित भारतीय दूतावास की ओर से जारी बयान का हवाला देकर कहा, अब भारतीय दूतावास भाजपा की विज्ञप्ति जारी कर रहे हैं। इस सरकार ने ये क्या हाल बना दिया है। दूतावासों को भाजपा का मुखपत्र बना दिया गया है।

## रिजर्व बैंक ने रेपो रेट में किया 0.50 प्रतिशत का इजाफा




**नई दिल्ली।** आरबीआई ने बढ़ती महंगाई को काबू में लाने के लिये बुधवार को प्रमुख नीतिगत दर रेपो को 0.5 प्रतिशत बढ़ाकर 4.9 प्रतिशत कर दिया। इससे पहले, चार मई को आरबीआई ने अचानक से रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि की थी। आरबीआई के इस कदम से कर्ज महंगा होगा और कर्ज की मासिक किस्त यानी ईएमआई बढ़ेगी। आरबीआई के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा कि रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए मुद्रास्फीति के अनुमान को बढ़ाकर 6.7 प्रतिशत किया। पहले मुद्रास्फीति 5.7 प्रतिशत के स्तर पर रहने का अनुमान लगाया गया था। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। दास ने मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) के निर्णय की जानकारी देते हुए कहा कि एमपीसी ने आम सहमति से नीतिगत दर में 0.5 प्रतिशत की वृद्धि का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि महंगाई दर चालू वित्त वर्ष की पहली तीन तिमाहियों में छह प्रतिशत से ऊपर बने रहने की आशंका है। आरबीआई मौद्रिक नीति पर विचार करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई दर को ध्यान में रखता है। खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में आठ साल के उच्च स्तर 7.79 प्रतिशत रही। यह केंद्रीय बैंक के संतोषजनक स्तर से कहीं अधिक है। आरबीआई को खुदरा महंगाई दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने की जिम्मेदारी मिली हुई है।आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष 2022-23 में आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है। बता दें नीतिगत दरों के बारे में फैसला करने वाली भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन की बैठक सोमवार को शुरू हुई थी। माना जा रहा था कि केंद्रीय बैंक बढ़ती मुद्रास्फीति पर अंकुश के लिए कुछ सख्त नीतिगत कदम उठा सकता है और ऐसा ही हुआ।

## केंद्रीय मंत्री ईरानी ने पूछा कि क्या अभी भी केजरीवाल सोचते हैं कि सत्येंद्र जैन निर्दोष हैं?



**नई दिल्ली।** आप सरकार में स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन को लेकर भाजपा लगातार दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर हमलावर है। फिर से केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सत्येंद्र जैन के बहाने सीएम केजरीवाल पर निशाना साधा है। स्मृति ईरानी ने साफ तौर पर पूछा है कि क्या अभी भी केजरीवाल यह सोचते हैं कि सतेंद्र जैन निर्दोष हैं? अपने बयान में स्मृति ईरानी ने कहा कि मैंने (दिल्ली के सीएम) केजरीवाल से 1 जून को 10 सवाल पूछे, लेकिन उन्होंने उनमें से किसी का भी जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि ईडी ने सत्येंद्र जैन के सहयोगियों से लगभग 2.80 करोड़ रुपये नकद और 1 किलो से अधिक वजन के 133 सोने के सिक्के जब्त किए। क्या वह (केजरीवाल) अभी भी सोचते हैं कि सत्येंद्र जैन निर्दोष हैं? केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं केजरीवाल से पूछना चाहती हूं, क्या उन्होंने दिल्ली उच्च न्यायालय के उस आदेश की जांच की जिसमें कहा गया था कि जैन ने मुखौटा कंपनियों और हवाला ऑपरेटरों के माध्यम से 16 करोड़ रुपये एकत्र किए थे? इससे पहले भी केंद्रीय मंत्री ईरानी ने केजरीवाल पर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था कि सत्येंद्र जैन को लेकर हाईकोर्ट के आदेश पर अरविंद केजरीवाल चुप क्यों हैं ? ईरानी ने कहा था कि केजरीवाल जी ने कल एक भ्रष्ट व्यक्ति को क्लीन चिट दी। उन्होंने यह घोषणा की कि सत्येंद्र जैन के खिलाफ जो आरोप हैं, वहां सभी तथ्यों से बहुत दूर हैं। केजरीवाल ने सतेंद्र जैन को जनता की अदालत में बरी कर दिया। दरअसल, ईडी ने धनशोधन से जुड़े मामले को लेकर सत्येंद्र जैन को 30 मई को गिरफ्तार किया था। इसके बाद अदालत ने सत्येंद्र जैन को 9 मई तक के लिए ईडी की हिरासत में भेजा था।

## न्यूज़ ट्रैक....

### ऑस्ट्रेलिया ने पहले टी20 क्रिकेट मुकाबले में श्रीलंका को 10 विकेट से हराया

**कोलंबो ।** मेहमान टीम ऑस्ट्रेलिया ने यहां पहले ही टी20 क्रिकेट मुकाबले में मेजबान श्रीलंकाई टीम को 10 विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंकाई टीम 19.3 ओवर में 128 रनों पर ही सिमट गयी। इसके बाद जीत के लिए मिले 129 रनों के लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने बिना किसी नुकसान के 14 ओवरों में ही हासिल कर लिया। डेविड वॉर्नर 70 और कप्तान आरोन फिंच 61 बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम ने टॉस जीतकर मेजबानों को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। मेजबान टीम की शुरुआत ठीक रही पर सलामी बल्लेबाजों के आउट होने के बाद पारी लड़खड़ा गयी। श्रीलंकाई टीम की ओर चरित असालंका ने सबसे अधिक 38 रन बनाए। वहीं उनके जोड़ीदार पाथुम निसांका ने 36 और गुणतिलका ने 26 रन बनाए। वहीं ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने केवल 16 रन देकर 4 विकेट लिये जबकि मिचेल स्टार्क को 3 विकेट मिले। इसके अलवा केन रिचर्ड्सन ने भी 1 विकेट लिया। इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया को तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गयी है।

### युजवेंद्र चहल का पहला प्यार क्रिकेट, पत्नी धनश्री ने किया खुलासा

**मुंबई ।** भारतीय स्पिनर युजवेंद्र चहल ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2022 के दौरान राजस्थान रॉयल्स की तरफ से शानदार प्रदर्शन किया। चहल ने 17 मैचों में कुल 27 विकेट हासिल कर प्रतिष्ठित पर्पल कैप भी जीती। चहल ने आईपीएल 2022 में दो बार की चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ पांच विकेट लिए और हैट्रिक भी ली। भारतीय स्पिनर अपने खेल का आनंद लेना चाहता है और खेल के दौरान हमेशा अपने चेहरे पर मुस्कान रखते है। वहीं चहल की पत्नी धनश्री वर्मा ने बताया कि उनका पहला प्यार कौन है। धनश्री ने कहा, यूजी एक बहुत ही खुशमिजाज व्यक्ति है, बहुत ईमानदार, और वह क्रिकेट से प्यार करता है। उनका पहला प्यार क्रिकेट है, इसलिए उनके साथियों के आसपास इस माहौल में रहना उनके हमेशा मुस्कुराते रहने और एक सुंदर मुस्कान का मुख्य कारण है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि आपको संतुलन बनाने की जरूरत है। बेशक, वातावरण बहुत गर्म और मैत्रीपूर्ण है, लेकिन यह तनावपूर्ण हो जाता है। तब आपको इसके साथ रहना होगा। इसलिए युजी हर समय युजी है।

### धोनी सा ठहराव और आत्मविश्वास अपने भीतर लाना चाहते हैं प्रिटोरियस

**मुंबई ।** भारत के खिलाफ आगामी टी20 श्रृंखला की तैयारी में जुटे दक्षिण अफ्रीका के हरफनमौला ड्वेन प्रिटोरियस ने कहा कि वह भारत के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी जैसा ठहराव और आत्मविश्वास अपने भीतर लाना चाहते हैं। प्रिटोरियस ने इस साल आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए पदार्पण किया। उन्होंने छह मैचों में 44 रन बनाए और छह विकेट लिए । भले ही उन्हें ज्यादा मैच खेलने के मौके नहीं मिले लेकिन उन्होंने कहा कि धोनी के साथ खेलकर उन्होंने काफी कुछ सीखा ।उन्होंने कहा, अपना पहला आईपीएल खेलना अच्छा अनुभव था। यह काफी समय से मेरा सपना था और सीएसके जैसी कामयाब टीम के साथ खेलने के मौके का मैंने पूरा मजा लिया। एक खिलाड़ी के तौर पर काफी जिम्मेदारियां मिलती हैं।

# टी-20 में दक्षिण अफ्रीका पर हमेशा भारी पड़ी है भारतीय टीम


**नई दिल्ली ।** यहां गुरुवार को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पांच मैचों की टी-20 क्रिकेट सीरीज का पहला मुकाबला खेला जाएगा। इस सीरीज में नियमित कप्तान रोहित शर्मा के अलावा अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली, तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी , जसप्रीत बुमराह जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को आराम दिया गया है। ऐसे में इस मैच में लोकेश राहुल की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम में कई युवा खिलाड़ियों उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह को अवसर मिलने की पूरी संभावनाएं हैं। पिछले आंकड़ों पर नजर डालें तो इस मैच में भी भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार है क्योंकि टी-20 में वह हमेशा ही दक्षिण अफ्रीकी टीम पर भारी पड़ी है।

दोनो ही टीमों के बीच अब तक कुल 15 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले गए हैं। इसमें से भारत ने 9 और दक्षिण अफ्रीका ने 6 मुकाबले जीते हैं। इस दौरान दोनों ही टीमों के बीच कोई भी मैच टाइ या परिणाम रहित नहीं रहा। इससे साफ है कि टी-20 सीरीज में भारतीय टीम का पलड़ा भारी है। भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच अब तक 6 बार टी-20 सीरीज खेली गई है। इसमें से भारतीय टीम ने चार बार दक्षिण अफ्रीका को हराया है जबकि दक्षिण अफ्रीकी टीम ने एक बार जीत हासिल की है। जबकि एक सीरीज सीरीज ड्रॉ रही। यह पहली बार है जब दोनो के बीच 5 टी-20 मैचों की सीरीज होगी।

टी-20 में दोनों देशों के बीच सबसे ज्यादा स्कोर की बात करें तो इसमें दक्षिण अफ्रीकी टीम ने बाजी मारी है। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारतीय टीम के खिलाफ टी-20 मैचों में 2 बार 200 से ज्यादा रन बनाये हैं। जोहान्सबर्ग में खेले गए एक मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 4 विकेट पर 219 रन बनाए थे। वहीं धर्मशाला में दक्षिण अफ्रीकी टीम ने 3 विकेट पर 200 रन बनाए थे। भारतीय टीम केवल एक बार ही 200 रनों से ऊपर गयी हैं। भारत की तरफ से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 में सबसे ज्यादा 362 रन रोहित शर्मा ने बनाए हैं। उनके अलावा सुरेश रैना ने 339, विराट कोहली ने 254, शिखर धवन ने 233 और महेन्द्र सिंह धोनी ने 204 रन बनाए हैं। वहीं दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका की ओर से भारत के खिलाफ सबसे ज्यादा 295 रन जेपी डुमिनी ने बनाए हैं। एबी डिवीलियर्स ने 208, फरहान बेहरदीन ने 146, फॉफ डुप्लेसी ने 143 और जैक्स कैलिस ने 140 रन बनाए हैं। इनमें से कोई भी खिलाड़ी अब टीम में नहीं हैं।

## आईपीएल खत्म होने के बाद ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्वकप पर लगीं टीम इंडिया की निगाहें

**नई दिल्ली ।** आईपीएल के खत्म होने के बाद अब टीम इंडिया की नजर इस साल अक्टूबर-नवंबर में ऑस्ट्रेलिया में होने वाले टी20 विश्व कप पर लग गई है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 5 टी20 मैचों की सीरीज के साथ ही इस महामुकाबले की तैयारी शुरू हो जाएगी। इस सीरीज के लिए रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, जबकि कई नए खिलाड़ियों को टीम में स्थान दिया गया है।



भारतीय टीम के सामने कई ऐसे सवाल खड़े हैं, जिसका जवाब दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में ढूंढने की कोशिश की जाएगी। ताकि टी20 विश्व कप की टीम अभी से तैयार की जा सके। टीम इंडिया जब 9 जून से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज खेलने उतरेगी, तो टीम मैनेजमेंट की नजर इस बात पर भी होगी कि मिडिल ऑर्डर में कौन सा बल्लेबाज फिट होगा और टी20 विश्व कप का टिकट कटाएगा? मोटे तौर पर देखें, तो मिडिल ऑर्डर में एक जगह खाली है और दावेदार कई हैं। सबसे पहले श्रेयस अय्यर हैं, जिन्होंने आईपीएल 2022 से पहले श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज में 28 गेंद में नाबाद 57, 44 गेंद में नाबाद 74 और 45 गेंद में नाबाद 73 रन की पारी खेली थी। अय्यर ने यह सभी पारियां नंबर-3 पर खेलीं थीं। खुद अय्यर को भी लगता है कि उनके लिए तीन नंबर बैटिंग के लिए सबसे सही स्थान है। लेकिन, पूरी संभावना है कि विराट कोहली अपनी मौजूदा फॉर्म के बावजूद टी20 विश्व कप में इसी नंबर पर बल्लेबाजी करेंगे। अय्यर ने अतीत में चार नंबर पर भी अच्छी बल्लेबाजी की है, इसलिए ऐसा नहीं है कि वह निचले क्रम में बल्लेबाजी नहीं कर सकते हैं। बस, एक बात है कि वह क्रीज पर जमने में थोड़ा वक्त लेते हैं, उन्हें इसमें सुधार करना होगा।

मिडिल ऑर्डर में अगले विकल्प दीपक हुडा हो सकते हैं। दीपक ने आईपीएल 2022 में 136 के स्ट्राइक रेट से 451 रन बनाए थे। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उन्होंने 3 से लेकर नंबर 6 तक हर जगह समान सहजता से बल्लेबाजी की। एक और चीज जो उनके पक्ष में जाती है वह यह है कि जरूरत पड़ने पर वह गेंदबाजी भी कर लेते हैं। इसके बाद सूर्यकुमार यादव हैं, जो वर्तमान में बांह की चोट के कारण टीम से बाहर हैं, लेकिन वह 360 डिग्री बल्लेबाज हैं, जो पहली गेंद से ही बड़े शॉट्स खेल सकते हैं।

राहुल त्रिपाठी और संजू सैमसन भी टीम इंडिया के दरवाजे पर दस्तक दे रहे हैं। ऐसे में दक्षिण अफ्रीका सीरीज में अय्यर और हुडा के पास टीम में अपनी जगह पक्की करने का सुनहरा मौका है। आईपीएल 2022 में 27 विकेट के साथ युजवेंद्र चहल ने भारत के नंबर-1 टी20 गेंदबाज के रूप में अपना रुतबा कायम रखा है। दूसरे स्पिनर की तलाश अब तक पूरी नहीं हुई है। साल भर पहले, तक रवींद्र जडेजा इस रोल में फिट बैठ जाते, लेकिन आईपीएल में कमजोर प्रदर्शन और फिर चोट ने बाकी गेंदबाजों के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। अक्षर पटेल के रूप में टीम इंडिया के पास जडेजा का विकल्प है। अक्षर हर मैच में 4 ओवर गेंदबाजी कर सकते हैं। वहीं, निचले क्रम में तेजी से रन भी बना सकते हैं। साथ ही वह अच्छे फील्डर भी हैं। लेकिन, जडेजा की तरह ही अक्षर भी टी20 क्रिकेट में विकेट लेने वाले गेंदबाज नहीं है और न ही उनकी गेंद चहल जितनी घूमती हैं। अगर किसी टीम में बाएं हाथ के बल्लेबाज ज्यादा होंगे तो फिर अक्षर टीम की कमजोर कड़ी साबित हो सकते हैं। ऐसी सूरत में कुलदीप यादव नजर आते हैं। वो विकेट लेने वाले रिस्ट स्पिनर हैं और अपने एक्शन में बदलाव के बाद कुलदीप पहले से अधिक खतरनाक हो गए हैं। वह बाएं हाथ के बल्लेबाज से गेंद को दूर भी ले जाते हैं। रवि बिश्नोई भी एक दावेदार हो सकते हैं। वो हैं तो चहल जैसे लेग स्पिनर ही। लेकिन, वह तेज रफ्तार से गुगली और लेग ब्रेक फेंकते हैं। उन्होंने इसी साल फरवरी में वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज में अपनी छाप छोड़ी थी। रोहित शर्मा और केएल राहुल के बैकअप ओपनर की तलाश अब भी जारी है। पिछले साल टी20 विश्व कप में सेलेक्टर ने यह कहते हुए ईशान किशन को इस रोल के लिए चुना था कि वह मिडिल ऑर्डर में भी बल्लेबाजी कर सकते हैं।



क्रीटेरियम डयू डयूफाइन में एक प्रतियोगी वाउट वेन अलर्ट जीत के बाद उत्साहित होकर खुशी व्यक्त करते हुए।

## आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी आगामी टी20 सीरीज

**मुंबई ।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज भारतीय खिलाड़ियों के लिए महत्वपूर्ण होगी, खासकर उनके लिए जिन्होंने हाल में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन किया। रैना ने कहा कि उन भारतीय खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छाप छोड़ने का यह अच्छा मौका होगा। तेज गेंदबाज उमरान मलिक और अर्शदीप सिंह को आईपीएल-2022 में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने के बाद उन्हें टीम में मौका दिया गया है। इन दोनों के अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक और सीजन की चैंपियन टीम गुजरात टाइटंस के कप्तान हार्दिक पंड्या को टीम में वापस बुलाया है। रैना ने टीम की टी20 विश्व कप की रणनीतियों को ध्यान में रखते हुए द.अफ्रीका के खिलाफ आगामी घरेलू सीरीज के महत्व पर प्रकाश डाला। रैना ने कहा, यह बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि आपको आईपीएल में प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ी देखने को मिलेगा। वे भारत के लिए कैसा प्रदर्शन करते हैं, यह मायने रखेगा। अगर आपको भारत के लिए खेलना है, तब मानसिकता महत्वपूर्ण है। कई सीनियर खिलाड़ियों को सीरीज से आराम दिया गया है। इसके बाद केएल राहुल टीम इंडिया का नेतृत्व करने वाले हैं। सीनियर खिलाड़ी विराट कोहली, कप्तान रोहित शर्मा और पेसर जसप्रीत बुमराह को इंग्लैंड दौरे की तैयारी के लिए इस सीरीज से ब्रेक दिया गया है। पांच मैचों की सीरीज का पहला मैच 9 जून को दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होगा है। रैना ने कहा कि उमरान और अर्शदीप के प्रदर्शन के अलावा केएल राहुल की कप्तानी पर भी नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा, जब मैच होगा, तब मौसम भी काफी गर्म होगा, मैच जून में खेले जाएंगे।

## व्यापार न्यूज

### क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ने का प्रस्ताव

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को मॉनिटरी पॉलिसी की बैठक के नतीजों की घोषणा करते हुए रेपो रेट में 0.50 फीसदी का इजाफा कर दिया। इसके बाद नीतिगत दरें 4.40 फीसदी से बढ़कर 4.90 फीसदी हो गईं। इसके साथ ही दास ने क्रेडिट कार्ड और सहकारी बैंकों को लेकर भी बड़ी घोषणाएं की हैं। आरबीआई ने क्रेडिट कार्ड को यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) प्लेटफॉर्म से जोड़ने की अनुमति देने का प्रस्ताव दिया है। गवर्नर दास ने कहा कि शुरुआत में रुपे क्रेडिट कार्ड को यूपीआई प्लेटफॉर्म से जोड़ा जाएगा, जो उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त सुविधा प्रदान करेगा और डिजिटल भुगतान का दायरा बढ़ाएगा। गौरतलब है कि वर्तमान में यूपीआई उपयोगकर्ताओं के डेबिट कार्ड के माध्यम से बचत या चालू खातों को जोड़कर लेन-देन की सुविधा प्रदान करता है। आवास क्षेत्र में ऋण प्रवाह को गहरा करने के लिए आरबीआई ने आज सहकारी बैंकों के लिए घोषणाएं कीं। गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि सहकारी बैंक अब व्यक्तिगत होम लोन के लिए अधिक उधार दे सकेंगे। यह आवासीय आवास क्षेत्र में बेहतर ऋण प्रवाह सुनिश्चित करेगा। दास ने कहा कि आवासीय आवास की बढ़ती कीमतों के मद्देनजर यह कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा कि शहरी और ग्रामीण सहकारी बैंकों द्वारा दिए गए व्यक्तिगत आवास ऋण की सीमा को घर की कीमतों में वृद्धि को देखते हुए 100 फीसदी से अधिक संशोधित किया जा रहा है।

### एनएमडीसी के शेयरधारकों, ऋणदाताओं की बैठक 28 जून तक टली

**नई दिल्ली ।** निर्माणाधीन नगरनार स्टील प्लांट (एनएसपी) को अलग करने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए एनएमडीसी के शेयरधारकों और ऋणदाताओं की बैठक 28 जून तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इस्पात मंत्रालय ने यह बैठक सात जून, 2022 को बुलाई थी। सार्वजनिक क्षेत्र की एनएमडीसी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा ?कि कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय की तरफ से नियुक्त चेयरपर्सन और शेयरधारकों के कोरम के अभाव में बैठक को 28 जून तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। मंत्रालय के अनुसार दोनों बैठकों की अध्यक्षता के लिए अतिरिक्त इस्पात सचिव रसिका चौबे को नामित किया गया है। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अक्टूबर 2020 में एनएमडीसी से एनएसपी के अलग करने और केंद्र की पूरी हिस्सेदारी एक रणनीतिक खरीदार को बेचने की मंजूरी दी थी।

### बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरूआत

## सेंसेक्स में 193 अंकों की बढ़त, निफ्टी 62.60 अंक पर




**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति की घोषणा के बाद बुधवार को शेयर बाजार में थोड़ी रिकवरी देखने को मिल रही है। सेंसेक्स और निफ्टी अब हरे निशान पर आ गए हैं। सेंसेक्स 193.55 अंकों की बढ़त के साथ 55,300.89 के स्तर पर कारोबार कर रहा था। वहीं निफ्टी 62.60 अंक ऊपर 16,478.95 के स्तर पर पहुंच गया है। बुधवार को बीएसई का 30 स्टॉक्स वाला प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 238 अंकों के फायदे के साथ 55,345 के स्तर पर खुला। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी कारोबार की शुरुआत हरे निशान के साथ की, लेकिन चंद मिनट बाद ही सेंसेक्स-निफ्टी दोनों लाल निशान पर आ गए। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा स्टील, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, स्टेट बैंक, टेक महिंद्रा, विप्रो, टाइटन, इंडसइंड बैंक हरे निशान पर थे। वहीं निफ्टी 16,474 के स्तर पर खुलकर 16348 के स्तर पर था। उल्लेखनीय है कि बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स मंगलवार को 567.98 अंक लुढककर 55,107.34 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 153.20 अंक टूटकर 16,416.35 अंक पर बंद हुआ।

### शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे चढ़ा

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक का निर्णय आने से पहले बुधवार को शुरुआती कारोबार में रुपया नौ पैसे की बढ़त के साथ 77.69 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। फॉरेक्स डीलरों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी कोषों की सतत निकासी से रुपए का लाभ सीमित रहा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 77.70 पर खुला। बाद में यह और मजबूत हुआ और पिछले बंद स्तर की तुलना में नौ पैसे की बढ़त के साथ 77.69 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में रुपया 77.78 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था।

## सोना और चांदी की कीमत में गिरावट

**मुंबई ।** वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में नरमी की वजह से घरेलू बाजार में सोने और चांदी की कीमत में बुधवार को गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के बाद सोना फिर 51100 रुपए प्रति 10 ग्राम और चांदी 62000 रुपए प्रति किलो हो गई है। इसके साथ ही सोना लगभग 5100 और चांदी 17900 रुपए से ज्यादा सस्ता मिल रही है। मंगलवार को सोना 23 रुपए प्रति दस ग्राम की दर से सस्ता होकर 51089 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ। जबकि पिछले कारोबारी दिन सोमवार को सोना 343 रुपए प्रति दस ग्राम की दर से सस्ता होकर 51112 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं मंगलवार को चांदी 540 रुपए सस्ता होकर 62052 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई। वहीं सोमवार को चांदी 196 रुपए सस्ता होकर 62592 रुपए प्रति किलो पर बंद हुई था। इस तरह मंगलवार को 24 कैरेट वाला सोना 23 रुपए सस्ता होकर 51089 रुपए, 23 कैरेट वाला सोना 23 सस्ता होकर 50884 रुपए, 22 कैरेट वाला सोना 21 सस्ता होकर 46798 रुपए, 18 कैरेट वाला सोना 17 रुपए सस्ता होकर 38317 रुपए और 14 कैरेट वाला सोना 14 रुपए सस्ता होकर 29887 रुपए प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बंद हुआ था।

### अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करेंगे:दास

**मुंबई ।** भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने कहा है कि केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त तरलता या नकदी की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। दास ने बुधवार को यहां मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि आगे चलकर महामारी की वजह से उपलब्ध कराई गई अत्यधिक तरलता को कई साल के समय में सामान्य स्तर पर लाया जाएगा। हालांकि, इसके साथ ही केंद्रीय बैंक यह सुनिश्चित करेगा कि अर्थव्यवस्था की उत्पादक जरूरतों के लिए पर्याप्त नकदी उपलब्ध रहे। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक सरकार के कर्ज लेने के कार्यक्रम को व्यवस्थित तरीके से पूरा करने पर ध्यान देगा। रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने सर्वसम्मति से रेपो दर बढ़ाने का फैसला किया है।

## अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप कै प्रवर्तकों को रिलायंस के साथ लेन-देन से दूर रहने का नोटिस भेजा

**नई दिल्ली ।** ई-कॉमर्स दिग्गज अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को एक नोटिस भेजकर कहा है कि वे रिलायंस इंडस्ट्रीज समूह के साथ किसी भी तरह के लेनदेन का हिस्सा बनने से परहेज करें। घटनाक्रम से जुड़े सूत्रों ने बताया कि अमेजन के इस नोटिस में फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को रिलायंस समूह के साथ प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी तरह के लेनदेन से दूर रहने को कहा गया है। अमेजन ने यह नोटिस उन मीडिया रिपोर्टों के बाद भेजा है जिनमें कहा गया था कि फ्यूचर समूह अपनी आपूर्ति श्रृंखला एवं लॉजिस्टिक कारोबार की बिक्री के लिए रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के साथ बातचीत कर रहा है। अमेजन ने फ्यूचर ग्रुप के प्रवर्तकों को ?पिछले छह जून को भेजे इस नोटिस में कहा है कि फ्यूचर ग्रुप और रिलायंस के बीच के समझौते को फ्यूचर रिटेल लिमिटेड (एफआरएल) के लेनदारों ने खारिज कर दिया था लेकिन एफआरएल ने धोखाधड़ी और जटिल चाल के जरिये अपने 835 स्टोर पहले ही रिलायंस को सौंप दिए हैं। अब

## विश्व बैंक ने भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाया

**नई दिल्ली ।** वर्तमान में बढ़ती महंगाई, सप्लाई चेन में आ रही बाधाएं और भू-राजनीतिक तनावों के चलते विश्व बैंक ने वर्तमान वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ का अनुमान घटाकर 7.5 फीसदी कर दिया है। वर्ल्ड बैंक ने अपने पिछले अनुमान में 1.2 फीसदी की कटौती की है। इससे पहले इसी संस्था ने भारत की ग्रोथ का अनुमान 8.7 फीसदी लगाया था। वर्ल्ड बैंक को लगता है कि वित्त वर्ष 2024 में भी भारत की ग्रोथ 7.1 फीसदी की दर से हो सकती है। हालांकि यह बैंक के पिछले अनुमान 6.8 फीसदी से 30 आधार अंक अधिक है। वित्त वर्ष 2025 के लिए भारत की जीडीपी ग्रोथ के 6.5 फीसदी रहने का अनुमान लगाया गया है। हालांकि विश्व बैंक ने केवल भारत को लेकर ही अपने नजरिए में बदलाव नहीं किया है। उसने कहा है कि इस समय पूरी दुनिया की इकॉनमी फिर से खतरे में है। विश्व बैंक ने कहा है ?कि कोविड-19 महामारी के बाद हुए नुकसान के बाद रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण ने ग्लोबल इकॉनमी के धीमी गति (स्लोडाउन) को और भी धीमा कर दिया। अब जिस समय में यह प्रवेश कर रही है वह अवधि कमजोर विकास और ऊंची मुद्रास्फीति के चलते लम्बी हो सकती है। विश्व बैंक ने आगे कहा है कि अगर वैश्विक मंदी को टाल भी दिया जाता है, तो मुद्रास्फीति का दर्द कई वर्षों तक बना रह सकती है, जब तक कि प्रमुख आपूर्ति में तेज गति फिर से सेट नहीं होती। कम और मध्यम आय वाली अर्थव्यस्थाएं को कई वर्षों के ऊपरी-औसत मुद्रास्फीति और निचली-औसत ग्रोथ के चलते संभावित अस्थिर परिणाम झेलने पड़ सकते हैं।

## रूसी तेल के अधिक आयात से खुदरा तेल कंपनियों को होगा फायदा: रिपोर्ट

**मुंबई ।** बाजार कीमतों से काफी कम दाम पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात किए जाने से सार्वजनिक क्षेत्र की खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों फायदा होगा। निकट अवधि में उनकी वर्किंग कैपिटल की जरूरत में कमी आ सकती है। खुदरा पेट्रोलियम कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) ने पिछले कुछ महीनों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस एलपीजी के खुदरा बिक्री मूल्य में लागत के हिसाब से बदलाव नहीं किए हैं। वे ईंधन विपणन पर नुकसान उठाती हैं और इसकी भरपाई सस्ते रूसी कच्चे तेल के प्रसंस्करण से हासिल होने वाले उच्च रिफाइनरी मार्जिन से कर रही हैं। फिच ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा



कि बढ़ती वैश्विक मांग और रिफाइंड उत्पादों के लिए आपूर्ति में कमी आने से रिफाइनिंग मार्जिन को समर्थन मिलता है और तेल कंपनियों के विपणन मार्जिन में क्रमिक सुधार होता है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, बाजार कीमतों पर मिल रही खासी छूट पर रूसी तेल का सामान्य से अधिक आयात करना तेल विपणन कंपनियों के लिए निकट अवधि की कार्यशील पूंजी की जरूरतों को कम कर सकता है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें मध्यम अवधि में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के अनुरूप रहेंगी। इससे तेल विपणन कंपनियों के विपणन मार्जिन में वित्त वर्ष 2022-23 के बाकी समय में धीरे-धीरे सुधार होना चाहिए, भले ही यह सामान्य स्तर से कम हो कच्चे तेल की कीमत 84 डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर मार्च की शुरुआत में 14 साल के उच्च स्तर 139 डॉलर पर पहुंच गई थीं। हालांकि बाद में इसमें धीरे-धीरे कुछ गिरावट आई और इस समय यह 120 डॉलर प्रति बैरल के करीब है लेकिन ?विशेषज्ञों का कहना है कि अगर कीमतें 120 डॉलर के ऊपर जाती हैं।

# बॉडी शेमिंग को लेकर सायंतनी घोष ने अपने अनुभव को किया शेयर



सोशल मीडिया पर अक्सर एक्टर्स को ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है. कई बार सेलेब्स क्या फैंस को भी समझ नहीं आता है कि आखिर ट्रोलिंग किस कारण से की गई है. अब आए दिन देखने को मिलता है कि अभिनेत्रियां पर सोशल मीडिया में जमकर कमेंट किए जाते हैं. एक्ट्रेस के शरीर को लेकर की जाने वाली अभद्र टिप्पणियां भी की जाती हैं. इसी का शिकार हाल ही में एक्ट्रेस सायंतनी घोष हो गई हैं. कई टीवी शोज में नजर आ चुकीं सायंतनी घोष ने सोशल मीडिया पर अपने ताजा पोस्ट में सभी से एक इंटरैक्टिव सेशन में बॉडी शेमिंग को लेकर अपने अनुभव को शेयर किया है. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने ऐसे लोगों से मानसिकता को बदलने का आग्रह किया है. हाल ही में सायंतनी ने एक पोस्ट शेयर किया है. इस पोस्ट में एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि कल मेरे एक इंटरैक्टिव सेशन किया, जिसमें किसी ने मुझसे मेरी ब्रा का साइज पूछा, हालांकि मैंने उस व्यक्ति को वहीं जवाब दे दिया था. लेकिन फिर मुजे लगा कि अभी बहुत कुछ है जिसके बारे में बात करना चाहिए. एक्ट्रेस ने लिखा है कि बॉडी-शेमिंग एक बुरी बात है, मैं आज भी इसको समझने में असमर्थ हूं महिला ब्रेस्ट के प्रति आकर्षण क्या है? यह किस आकार का है? और यह स्वीकार करना इतना मुश्किल क्यों है कि यह सिर्फ शरीर का एक और अंग है. इसके साथ ही एक्ट्रेस ने अपने कैप्शन में लिखा है कि आज विश्व स्वास्थ्य दिवस है ऐसे में साइज वाली मानसिकता को दूर करने का तरीका. आज के दिन क्या आप जानते हैं कि आज मानसिक स्वास्थ्य इसका एक अहम हिस्सा बनता जा रहा है. शरीर को फिट रखना जरुरी हो लेकिन फिर भी आप अपने दिमाग को ना भूलें. मैं यहां इस बदलाव के लिए हूं, क्या आप भी हैं? कमेंट में हार्ट बनाइए अगर आप मेरे साथ हैं!

## सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा शहनाज कौर गिल का सरदार जी लुक

बिग बॉस 13 में नजर आने के बाद शहनाज कौर गिल टीवी इंडस्ट्री का एक बड़ा नाम बन चुकी है। उन्होंने बिग बॉस के घर में रहते हुए अच्छी खासी पापुलैरिटी हासिल की है। बता दें कि बिग बॉस की प्रतियोगी रह चुकी शहनाज कौर गिल को पंजाब की कैटरीना कैफ भी कहा जाता है। शहनाज कौर गिल के चाहने वाले की संख्या ना सिर्फ पंजाब में बल्कि देश के हर कोने में है। यही कारण है कि अक्सर शहनाज कौर गिल को लेकर खबरें सामने आती रहती है। जहां एक म्यूजिक वीडियो से लोगों का दिल जीता था। इसी बीच शहनाज कौर गिल का नया लुक जमकर वायरल हो रहा है। जिसने हर किसी का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। बता दें कि शहनाज गिल की कई तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें वो अपने सिर पर पगड़ी पहने हुए हैं। अभिनेत्री शहनाज गिल पिंक कलर हुंडी के साथ रेड कलर की पगड़ी में दिखाई दी रही है। शहनाज कौर गिल इस पगडत्री में सरदार जी के रूप में दिखाई दे रही है। उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जिस पर उनके चाहने वाले कमेंट करके खूब प्यार बरसा रहे हैं। अगर हम बात करें अभिनेत्री शहनाज कौर गिल के काम की तो वो आने वाले दिनों में दिलजीत सिंह के साथ फिल्म हौसला रख में नजर आने वाली हैं। फिल्म का पोस्टर काफी समय पहले ही रिलीज कर दिया गया था। जिसमे शहनाज कौर गिल और दिलजीत दोसांझ एक साथ नजर आ रहे थे। इन दिनों वह फिल्म की शूटिंग कर रही हैं। उनकी ये फिल्म इसी साल 15 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## अभिषेक बनर्जी ने अजीब दासतांस के लिए सीखा आयरन करना

अभिनेता अभिषेक बनर्जी अपनी आगामी परियोजना अजीब दासतांस में एक प्रेसवाले के किरदार में नजर आने वाले हैं। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में कभी इस्त्री नहीं की थी। अपने घर के आसपास स्थित प्रेस करने वालों के पास जाकर घंटों खड़े रहकर वह उन्हें और उनके काम को बारीकी से देखा करते थे। कहानियों के संकलन वाले इस परियोजना में अभिषेक को राज खुराना की कहानी खिलौना में नुसरत भरूचा और बाल कलाकार इनायत वर्मा के साथ देखा जाएगा। अभिषेक को इसकी शूटिंग में काफी मजा आया। अभिषेक हंसते हुए कहते हैं, मेरा किरदार एक प्रेस करने वाले का है और दिलचस्प बात यह है कि मुझे इस्त्री करना आता ही नहीं था। घर में हम जिस आयरन से प्रेस करते हैं, उससे भी नहीं। रही कोयला भरकर दुकानों में जिस आयरन से प्रेस किया जाता है, उसकी बात तो छोड़ ही दीजिए। पहली बार जब राज ने मुझे इसे लेकर कोशिश करते हुए देखा, तो वह समझ गए कि मुझे इसका अनुभव नहीं है। वह आगे कहते हैं, मुझे इसे सिरे से सीखना था। मैंने महसूस किया कि मेरे पिता और मेरी पत्नी की चाह हमेशा से यही थी कि मुझे आयरन करना किसी तरह से आ जाए और आखिरकार ऐसा अजीब दासतांस के सेट पर हो रहा था। सेट पर हमने साथ में जो वक्त बिताया वह काफी मजेदार रहा। हालांकि इस दौरान हमने कई सारी चीजें सीखी और इसकी स्टोरीलाइन भी डार्क है।

# थालापति 65 में नजर आएंगी पूजा हेगड़े, मेकर्स से वसूली मोटी रकम



साउथ और बॉलीवुड की अभिनेत्री पूजा हेगड़े आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। वो इन दिनों अपने बॉलिवुड और साउथ के कई प्रोजेक्ट में व्यस्त हैं। अब इसी बीच खबरें सामने आ रही है कि पूजा हेगड़े जल्द ही साउथ अभिनेता थालापति विजय की अगली फिल्म थालापति65 में नजर आएंगी। ये एक तमिल फिल्म है जिसकी रिलीज का इंतजार उनके चाहने वाले काफी समय से कर रहे हैं। फिल्म अभिनेत्री पूजा हेगड़े अभिनेता थालापति के साथ उनकी अगली फिल्म थालापति 65 में रोमांस करने वाली है। फिल्म में विजय के साथ पूजा हेगड़े रोमांस करती हुई दिखाई देंगी। लेकिन अब इसी बीच उनकी फीस को लेकर एक बड़ी खबर सामने आई है। ऐसा कहा जा रहा है कि फिल्म की कास्ट अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने फिल्म के लिए भारी-भरकम रकम वसूली है। खबरों के अनुसार पूजा हेगड़े ने फिल्म के लिए तीन करोड़ मिले हैं। वहीं फिल्म की शूटिंग ज्यादातर रूस में की जाएगी। सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पूजा हेगड़े को फिल्म में लीड रोल के लिए तीन करोड़ दिए गए हैं। ये पूजा हेगड़े की अब तक की सबसे ज्यादा किसी भी फिल्म के लिए सबसे महंगी फीस है। इससे पहले उनको किसी भी फिल्म के लिए इतनी मोटी रकम हासिल नहीं हुई है। पूजा हेगड़े को थालापति विजय के साथ फिल्म करने का मौका नहीं छोड़ सकती है। यही कारण है कि अभिनेत्री पूजा हेगड़े ने इस फिल्म साइन किया है। इसके अलावा पूजा हेगड़े आने वाले दिनों में कई फिल्मों में नजर आने वाली है। जिसमें उनकी फिल्म राधे श्याम, कभी-कभी दिवाली और रणवीर सिंह के साथ फिल्म सर्कस जैसी शामिल है।



# भारत जैसा कोई और नहीं

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) के सदस्य 57 देश हैं। आश्चर्य है कि अभी तक सिर्फ 16 देशों ने ही अपनी प्रतिक्रिया दी है। दिल्ली में हुए पैगंबर-कांड पर शेष मुस्लिम राष्ट्र अभी तक क्या विचार कर रहे हैं, कुछ पता नहीं। शायद वे यह जानने की कोशिश कर रहे हैं कि आखिर भाजपा प्रवक्ता ने पैगंबर मोहम्मद के बारे में वास्तव में कहा क्या है? जो कुछ टीवी चैनल पर कहा गया है और बाद में टवीट किया गया है, उसे पूरी तरह से हटा लिया गया है। इसीलिए अब उसके विरुद्ध जो कुछ भी कहा जाएगा, वह किसी अन्य स्त्रोत से जानकर कहा जाएगा। यह भारत-विरोधी अभियान अब वैसे ही चलेगा, जैसे कि अफवाहों के दम पर कई अभियान चला करते है। भारत सरकार के प्रवक्ता और हमारे राजदूतों ने सभी देशों को आगाह कर दिया है कि भारत सरकार का इस तरह के निरंकुश बयानों से कुछ लेना-देना नहीं है लेकिन दुनिया के सभी इस्लामी देशों में भारत को बदनाम करने का अभियान अभी जोरों से चलता रहेगा। भारत सरकार इसकी काट करती रहेगी लेकिन उसको इससे डरने की कोई जरुरत नहीं है। यदि कोई देश भारत से संबंध तोड़ता है तो उससे भारत का नुकसान जरुर होगा लेकिन उस देश का नुकसान भारत से कहीं ज्यादा होगा। अंतरराष्ट्रीय संबंध कभी भी एकतरफा नहीं होते। जहां तक मोदी सरकार का सवाल है, उसने इस्लामी राष्ट्रों के साथ अपने संबंध काफी घनिष्ट बनाए हैं। यदि मोदी खुद भी एक बयान जारी करके इस्लामी राष्ट्रों की समझ को ठीक कर दें तो इसमें कोई बुराई नहीं है। जैसे उन राष्ट्रों ने भारत का विरोध करके एक औपचारिकता निभाई है, वैसे ही मोदी भी कूटनीतिक औपचारिकता निभा सकते हैं। इस मामले को लेकर कानपुर में जरुर तोड़-फोड़ हुई है लेकिन देश के हिंदुओं और मुसलमानों ने काफी संयम का परिचय दिया है। शिवलिंग और पैगंबर के बारे में कही गई आपत्तिजनक बातों को उन्होंने अपने जी से नहीं लगाया और वे सारा तमाशा भौंचक होकर देख रहे हैं। कुछ विपक्षी नेताओं के भड़काने का कोई खास असर दिखाई नहीं पड़ रहा है। एक सर्वेक्षण से यह भी पता चला है कि देश के 89 प्रतिशत हिंदु और 85 प्रतिशत मुसलमान किसी भी अन्य धर्म के लोगों को ठेस पहुंचाने के विरुद्ध हैं। जो 10-15 प्रतिशत लोग ऐसा नहीं मानते, उनका कहना है कि किसी को भी अच्छा लगे या बुरा, सच तो सच है। उसे बोलने और लिखने की आजादी सबको मिलनी चाहिए। मैं भी इस बात को मानता हूं लेकिन जो बुरा लगे, वह बोलकर आप किसका भला करते हैं? आपकी अच्छी बात का भी असर तो अच्छा नहीं होगा। इसीलिए जो कुछ भी बोला जाए, वह सच तो हो लेकिन प्रिय भी हो। इसे ही सत्यं ब्रूयात्, प्रियं ब्रूयात् कहा गया है। झूठ मत बोलो। हमेशा सच बोलो लेकिन वह कटु न हो, यह भी जरुरी है। भारत के ज्यादातर लोग इसी बात में विश्वास करते हैं। इसीलिए यहां दर्जनों देशी और विदेशी धर्म और संप्रदाय सैकड़ों वर्षों से फल-फूल रहे हैं। क्या दुनिया का कोई अन्य देश ऐसा है, जिसमें इतनी विविधता हो और उसके साथ-साथ इतनी सहिष्णुता भी हो? इस अनन्य भारतीय संस्कार का ही परिणाम है कि भारत के मुसलमान, ईसाई, यहूदी, अहमदिया और बहाई लोग अपने विदेशी स्वधर्मियों के मुकाबले अधिक उदार, अधिक भक्तिमय और अधिक मानवीय हैं।

# राज्यसभा चुनाव में चलेगी गहलोत की जादूगरी?

रमेश सर्राफ धमोरा

राजस्थान से राज्यसभा के लिए चार नए सदस्यों का चुनाव होना है। आगामी 10 जून को इसके लिए वोट डाले जाएंगे। राज्यसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने तीन प्रत्याशी व भाजपा ने एक प्रत्याशी खड़ा किया है। वही हरियाणा से राज्यसभा सांसद सुभाष चंद्रा के निर्दलीय मैदान में उतर जाने के बाद राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव रोचक हो गया है। चुनाव का नतीजे अब वोटो से ही तय होना निश्चित हो गया है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी ने अपने समर्थक विधायकों को उदयपुर में एक रिसोर्ट में ले जाकर रखा हुआ है।

राजस्थान में 200 विधायक है तथा चार सदस्यों का चुनाव होना है। ऐसे में जीत के लिए हर सदस्य को 41 मतों की जरूरत पड़ेगी। कांग्रेस पार्टी ने वरीयता क्रम में मुकुल वासनिक, रणदीप सुरजेवाला व प्रमोद तिवारी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया है। वहीं भाजपा ने अपने वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को अधिकृत प्रत्याशी बनाया है। भाजपा के समर्थन से सुभाष चंद्रा निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में उतरे हैं। 4 सीटों पर 5 प्रत्याशी मैदान में आने के कारण चुनाव होना तय हो गया है।

कांग्रेस को अपने तीनों प्रत्याशी जिताने के लिए 123 वोट चाहिए। जबकि पार्टी के पास खुद के 108 वोट है। बाकी 15 वोट उन्हें निर्दलीय और अन्य दलों से प्राप्त करने होंगे। भाजपा के 71 सदस्य होने के कारण उनके प्रत्याशी की आसानी से जीत हो जाएगी। पार्टी अपने बचे हुए 30 वोट निर्दलीय सुभाष चंद्रा को देती है तो भी जीत के लिए सुभाष चंद्रा को 11 और वोटों की जरूरत पड़ेगी। जो उन्हें निर्दलीय व अन्य दलों के विधायको से लेने होंगे।

मीडिया मुगल सुभाष चंद्रा के चुनाव मैदान में आने से राजस्थान में राज्यसभा चुनाव में विधायकों की खरीद-फरोख्त की संभावना बढ़ गई है। इसी को देखते हुए कांग्रेस पार्टी अपने समर्थक विधायकों की उदयपुर में बाड़े बंदी कर दी है। निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में उतरे सुभाष चंद्रा ने दावा किया था कि उनकी कई छोटे दलों के व निर्दलीय विधायकों से बात हो चुकी है। उनके वोट उन्हें मिलेंगे इसीलिए वह मैदान में उतरे हैं। सुभाष चंद्रा पिछली बार भी हरियाणा में चुनावी उलटफेर करके ही चुनाव जीत गए थे। वैसी ही संभावनायें वह राजस्थान में भी देख रहे हैं। मगर हरियाणा व राजस्थान की परिस्थितियों में काफी फर्क है।

पिछले चुनाव में सुभाष चंद्रा की जीत का सबसे बड़ा कारण हरियाणा में भाजपा की सरकार का होना था। जबकि अभी राजस्थान में कांग्रेस की सरकार है और राजनीति के जादूगर माने जाने वाले अशोक गहलोत मुख्यमंत्री है। ऐसे में सुभाष चंद्रा के लिए जीत की राह हरियाणा की तरह आसान नहीं होगी। राजस्थान में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की सरकार भारी बहुमत से शासन कर रही है। भाजपा व हनुमान बेनीवाल की राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के विधायकों को छोड़कर बाकी सभी विधायकों का सरकार को समर्थन मिला हुआ है। ऐसे में राज्यसभा चुनाव में भी अशोक गहलोत तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर राजनीति में अपनी जादूगरी दिखाने का हर संभव प्रयास करेंगे।

राजस्थान में कांग्रेस के तीनों ही अधिकृत प्रत्याशी बाहर के होने के कारण कई विधायकों में असंतोष देखा गया था। कांग्रेस पार्टी द्वारा राजस्थान के एक भी व्यक्ति को अपना प्रत्याशी नहीं बनाए जाने के कारण कांग्रेस को क्रास वोटिंग का डर सता रहा है। राज्यसभा चुनाव की घोषणा से पहले अल्पसंख्यक, आदिवासी समाज की तरफ से उनके किसी नेता को प्रत्याशी बनाए जाने की मांग की जा रही थी। मगर कांग्रेस आलाकमान ने सभी की मांग ठुकराते हुए तीनों ही प्रत्याशी केंद्र की राजनीति करने वाले नेताओं को बना दिया। इससे स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। जबकि भाजपा ने पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम तिवाड़ी को टिकट देकर एक तीर से कई शिकार किए हैं। एक तरफ जहां ब्राह्मण समाज के दिग्गज नेता को राज्यसभा में भेजा जा रहा है। वही वसुंधरा राजे के धुर विरोधी तिवाड़ी



को टिकट देकर भाजपा आलाकमान ने वसुंधरा राजे को बता दिया कि आने वाले विधानसभा चुनाव में उनको चेहरा बनाकर चुनाव नहीं लड़ा जाएगा।

लोगों में चर्चा है कि अशोक गहलोत अपने तीनों ही प्रत्याशियों को जीता कर ले जाएंगे। मगर जिस तरह से कांग्रेस आलाकमान ने प्रदेश की तीनों सीटों पर बाहरी उम्मीदवारों को थोपा है उसका खामियाजा कांग्रेस पार्टी को आगे चलकर विधानसभा चुनाव में उठाना पड़ सकता है। राजस्थान में अभी कांग्रेस के 3 राज्य सभा सांसद है। जिनमें से दो पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह व कांग्रेस के संगठन महामंत्री वेणुगोपाल प्रदेश से बाहर के हैं। यदि इस चुनाव में तीनों ही प्रत्याशी जीत जाते हैं तो पार्टी के 6 में से 5 सांसद प्रदेश से बाहर के हो जायेंगे।

राज्यसभा चुनाव में अक्सर देखा जाता है कि प्रदेश में सत्तारूढ़ दल को फायदा मिलता है। पिछली बार वसुंधरा राजे की सरकार में 4 सीटों पर हुये चुनाव में कांग्रेस ने निर्दलीय कमल मोरारका को समर्थन देकर मैदान में उतार दिया था। चुनाव में उन्हें 35 मत ही मिले थे और भाजपा के चारों ही प्रत्याशी चुनाव जीत गए थे। उसी तरह इस बार कांग्रेस के तीनों ही प्रत्याशी जीतने की अधिक संभावना लग रही है।

बसपा से कांग्रेस में आए उदयपुरवाटी के विधायक व सैनिक कल्याण राज्यमंत्री राजेंद्र सिंह गुढ़ा ने भी तीनों ही प्रत्याशी प्रदेश से बाहर के होने पर नाराजगी जताई थी। उनका कहना था कि राजस्थान के किसी नेता को राज्यसभा प्रत्याशी बनाते तो प्रदेश की जनता को अधिक लाभ मिलता। ऐसे ही पूर्व मंत्री व वरिष्ठ विधायक भरत सिंह ने भी तीनों ही बाहरी प्रत्याशियों को लेकर खुलकर नाराजगी जताई है। कांग्रेस को समर्थन दे रहे निर्दलीय विधायक संयम लोढ़ा ने भी आलाकमान द्वारा घोषित तीनों नामों पर आपत्ति जताई है। मगर वह खुद पूर्व में प्रियंका गांधी, कुमार विश्वास, कन्हैया कुमार जैसे बाहरी लोगों को टिकट देने की वकालत कर चुके थे।

भाजपा की तरफ से कमान केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, पार्टी के प्रदेश प्रभारी महासचिव अरुण सिंह, प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने संभाल रखी है। वहीं कांग्रेस की कमान पूरी तरह मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के हाथ में है। गहलोत किसी भी तरह तीनों प्रत्याशियों को जिता कर अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं। इससे वो आलाकमान की नजरों में नंबर वन बन जाएंगे। साथ ही सचिन पायलट को भी कमजोर करने में सफल होंगे।

राजस्थान से राज्यसभा चुनाव लड़ रहे तीनों ही नेता कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के नजदीकी लोगों में शुमार है। ऐसे में चुनाव जीतने पर यह नेता दिल्ली की राजनीती में मुख्यमंत्री गहलोत की बात का समर्थन करेगें। इससे गहलोत का पक्ष मजबूत होगा।

चुनावों में कौन जीतता है कौन हारता है इसका सही पता तो नतीजों के बाद ही लग पाएगा। मगर फिलहाल राजस्थान में राज्यसभा का चुनाव पूरे शबाब पर है। सभी प्रत्याशी अपनी-अपनी जीत को लेकर समीकरण बिठाने में लगे हुए हैं।

(लेखक राजस्थान सरकार से मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं। इनके लेख देश के कई समाचार पत्रों में प्रकाशित होते रहते हैं)

## हर मनुष्य के जीवन हैं दुख

एक बार भगवान बुद्ध से किसी भिक्षु ने पूछा-भगवान! ईश्वर है या नहीं है? बुद्ध ने इसका सीधा उत्तर न देकर प्रश्नकर्ता भिक्षु से कहा-मनुष्य की समस्या ईश्वर के होने या न होने की नहीं है। मनुष्य की मुख्य समस्या है उसके जीवन में आने वाले दुखों की। भगवान बुद्ध ने अपने कथन को स्पष्ट करते हुए तब कहा कि तुम स्वयं देखो। जन्म दुख है, जीवन दुखों का समूह है। जिसे वृद्धावस्था कहते हैं वह दुख है और मरण दुख है। इस रूप में मनुष्य का जन्म, वृद्धावस्था और मरण सभी दुख स्वरूप ही हैं। उन्होंने कहा कि मनुष्य जो चाहता है वह उसे कभी नहीं मिलता। यह उसके जीवन का दुख है। जिसे वह कभी नहीं चाहता वह उसे अवश्य मिलता है-यह इसका दुख है। अपने परम प्रिय का वियोग इसके जीवन का दुख है और जो अप्रिय है, उसका संयोग इसके जीवन का परम दुख है। उस प्रश्नकर्ता भिक्षु को संबोधित करते हुए भगवान ने कहा कि भिक्षु! अधिक विस्तार में न जाकर तुम संक्षेप में इतना ही जानो कि रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार और ्विज्ञान ये सभी के सभी दुख स्वरूप ही हैं। रूप यानी जो संसार में दिख रहा है, यह रूप है और दुखात्मक है। वेदना यानी अनुभूति, दुख की अनुभूति दुखात्मक है। तथाकथित सुखात्मक अनुभूति भी अंततः दुख ही देती है। संज्ञा अर्थात् नाम। यह भी अच्छे, बुरे, स्मरणीय और अविस्मरणीय के रूप में दुखात्मक है। संस्कार, जो पिछले अनेक जन्मों से चला आ रहा है, वर्तमान जन्म में हमारी आदत के रूप में दुख देता है। विज्ञान यहां आशय यानी विशेष ज्ञान, जो अहंकार आदि के रूप में प्रकट होकर हमारे दुख का कारण बनता है। इसलिए उन्होंने कहा कि भिक्षु! मनुष्य की समस्या ईश्वर के अस्तित्व या अनस्तित्व की नहीं है, उसकी समस्या है, उसके जीवन में व्याप्त दुखों की और इसका उपाय जानने के लिए मार्ग है।

# कोरल प्रजाति को करें संरक्षित

डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

**( 9 जून कोरल त्रिभुज दिवस)**

कोरल त्रिभुज (सीटी) इंडोनेशिया, मलेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, सोलोमन द्वीप और तिमोर-लेस्ते के आसपास के उष्णकटिबंधीय जल में लगभग त्रिकोणीय क्षेत्र है। इस क्षेत्र में प्रत्येक क्षेत्र में रीफ-बिल्डिंग कोरल की कम से कम 500 प्रजातियां शामिल हैं।प्रवाल त्रिभुज प्रशांत और भारतीय महासागरों के बीच स्थित है और इसमें दो जैव-भौगोलिक क्षेत्रों के हिस्से शामिल हैंः इंडोनेशियाई-फिलीपींस क्षेत्र और सुदूर दक्षिण-पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र। दुनिया के आठ प्रमुख प्रवाल भित्ति क्षेत्रों में से एक के रूप में, कोरल त्रिभुज को समुद्री जैव विविधता के एक वैश्विक केंद्र और संरक्षण के लिए एक वैश्विक प्राथमिकता के रूप में मान्यता प्राप्त है। इसके जैविक संसाधन इसे समुद्री जैव विविधता का वैश्विक हॉटस्पॉट बनाते हैं। समुद्र के अमेज़ॅन के रूप में जाना जाता है (दक्षिण अमेरिका में अमेज़ॅन वर्षावन के अनुरूप), यह समुद्र के पानी के 5.7 मिलियन वर्ग किलोमीटर (2,200,000 वर्ग मील) को कवर करता है। इसमें दुनिया की 76त्न से अधिक उथले-पानी की रीफ़-बिल्डिंग कोरल प्रजातियाँ, इसकी 37त्न रीफ़ मछली प्रजातियाँ, 50त्न रेज़र क्लैम प्रजातियाँ, दुनिया की सात समुद्री कछुओं की प्रजातियों में से छह और दुनिया की सबसे बड़ी मैंग्रोव शामिल हैं। जंगल। 2014 में, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बताया कि कोरल त्रिभुज में समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र का सकल घरेलू उत्पाद लगभग 1.2 ट्रिलियन डॉलर प्रति वर्ष है और 120 मिलियन से अधिक लोगों को भोजन प्रदान करता है। कोरल ट्राएंगल नॉलेज नेटवर्क के अनुसार, यह क्षेत्र सालाना मत्स्य निर्यात से लगभग 3 अरब डॉलर की विदेशी मुद्रा आय लाता है, और अन्य 3 अरब डॉलर तटीय पर्यटन राजस्व से लाता है। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर इस क्षेत्र को समुद्री संरक्षण के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता मानता है, और 2007 में शुरू किए गए अपने कोरल ट्राएंगल प्रोग्राम के माध्यम से इस क्षेत्र के लिए पारिस्थितिक खतरों को संबोधित कर रहा है। त्रिभुज में जैव विविधता का केंद्र वर्डे द्वीप मार्ग है। फिलीपींस। इस क्षेत्र का एकमात्र प्रवाल भित्ति क्षेत्र जिसे यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है, वह फिलीपींस में तुब्बाताहा रीफ



प्राकृतिक पार्क में है। प्रवाल त्रिभुज की उच्च प्रजाति विविधता के पीछे के सिद्धांत तीन अलग-अलग सिद्धांत हैं कि क्यों मूंगा त्रिभुज (ईस्ट इंडीज त्रिभुज) में प्रजातियों की इतनी अधिक विविधता है, और प्रत्येक सिद्धांत एक अलग व्याख्यात्मक मॉडल का प्रस्ताव करता है। उन्हें आमतौर पर ÷उत्पत्ति का केंद्र÷ मॉडल, ÷ओवरलैप का केंद्र÷ मॉडल और ÷संचय का केंद्र÷ मॉडल कहा जाता है। मूल मॉडल का केंद्र यह मानता है कि द्वीपसमूह के क्षेत्र में उच्च विविधता आबादी एक केंद्रीय रूप से स्थित पैतृक आबादी का हिस्सा है जो बाद में विभिन्न परिधीय स्थानों में फैल गई। ओवरलैप मॉडल का केंद्र यह मानता है कि मूल रूप से विभिन्न जैव-भौगोलिक क्षेत्रों में प्रजातियां जनसंख्या विभाजन (विभिन्नता) के परिणामस्वरूप एक साथ आई और बाद में अपनी सीमा का विस्तार किया। संचय मॉडल का केंद्र यह मानता है कि पैतृक आबादी जो मूल रूप से परिधीय स्थानों में बिखरी हुई थी, एक केंद्रीय स्थान पर एक साथ आई और एक विविध आबादी का गठन किया। संरक्षण कोरल ट्राएंगल क्षेत्र की सरकारों, प्रकृति संरक्षण संगठनों जैसे वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर, द नेचर कंजर्वेंसी एंड कंजर्वेशन इंटरनेशनल, और एशियाई विकास बैंक, ग्लोबल एनवायरनमेंट फैसिलिटी जैसी दाता एजेंसियों द्वारा उच्च-स्तरीय संरक्षण प्रयासों का विषय है प्रवाल भित्तियों, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा पर कोरल त्रिभुज पहल अगस्त 2007 को, इंडोनेशिया के राष्ट्रपति युधोयोनो ने सीटी (मलेशिया, तिमोर-लेस्ते, पापुआ न्यू गिनी, सोलोमन द्वीप और फिलीपींस) में भौगोलिक रूप से स्थित पांच अन्य देशों के साथ ÷क्षेत्र के समुद्री और तटीय जैविक संसाधनों की सुरक्षा÷ के लिए एक बहुपक्षीय साझेदारी का प्रस्ताव रखा। बहुपक्षीय साझेदारी को कोरल रीफ, मत्स्य पालन और खाद्य सुरक्षा (सीटीआई-सीएफएफ) पर कोरल त्रिभुज पहल के रूप में नामित किया गया। सीटीआई-सीएफएफ के लक्ष्य प्राथमिकता वाले समुद्री दृश्य नामित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित मत्स्य पालन के प्रबंधन के लिए पारिस्थितिक तंत्र दृष्टिकोण (श्वस्नरू) और अन्य समुद्री संसाधन पूरी तरह से लागू समुद्री संरक्षित क्षेत्र (एमपीए) स्थापित और प्रभावी ढंग से प्रबंधित जलवायु परिवर्तन अनुकूलन उपायों को हासिल किया गया।

# मां गंगा के अवतरण का पर्व है 'गंगा दशहरा'

## सूडोकु नवताल- 6096

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6095 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

डॉ. श्रीगोपाल नारसन

जिस दिन मां गंगा का धरती पर अवतरण हुआ था,उस पवित्र दिन को गंगा दशहरा के रूप में मनाया जाता है। अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए भागीरथ गंगा को पृथ्वी पर लेकर आए थे।जिसके लिए उन्होंने कठिन तपस्या भी की थी। गंगा दशहरा पर हर वर्ष गंगा में आस्था की डुबकी लगाई जाती हैं। ऐसा कहते हैं कि इस दिन गंगा में स्नान करने से 10 प्रकार के पाप मिट जाते हैं।इस बार गंगा दशहरा पर दो शुभ संयोग बन रहे हैं। गंगा दशहरा पर रवि योग बन रहा है। इस दिन सूर्योदय के साथ ही रवि योग भी शुरू हो जाएगा। इस शुभ योग में पूजा-पाठ और मांगलिक कार्यों को करना बहुत ही शुभ माना जाता है।गंगा ज्येष्ठ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को हस्त नक्षत्र में धरती पर अवतरित हुई थी। इस बार हस्त नक्षत्र 9 जून को सुबह 4 बजकर 31 मिनट से प्रारंभ होकर 10 जून को सुबह 4 बजकर 26 मिनट तक रहेगा।यही गंगा स्नान का सबसे उपयुक्त मूहर्त है।गंगा में डुबकी लगाते समय 'ऊँ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गंगायै नमः' मंत्र का उच्चारण करना चाहिए। घर में नहाने के पानी में गंगाजल मिलाकर भी स्नान किया जा सकता हैं।

गंगा दशहरा के दिन दान करने का विशेष महत्व बताया गया है। इस दिन दान-धर्म के कार्य करना बहुत ही शुभ माना जाता है। दशहरा का अर्थ 10 मनोविकारों के विनाश से है। ये दस मनोविकार हैं-क्रोध, लोभ, मोह, मद, मत्सर, अहंकार, आलस्य, हिंसा और



चोरी।जिनसे मुक्ति के लिए ज्ञान गंगा का स्नान करने से हम विकारमुक्त होकर पवित्र बन सकते है। राजा भागीरथ की कठोर तपस्या, उनके अथक प्रयास और परिश्रम से इसी दिन गंगा ब्रह्मा जी के कमंडल से निकलकर शिव की जटाओं में विराजमान हुई थी और शिवजी ने अपनी शिखा को खोल कर गंगा को धरती पर जाने की अनुमति दी थी। इसलिए गंगा के धरा अवतरण दिवस को गंगा दशहरा के नाम से जाना जाता है।

गंगा दशहरा के दिन प्रातः काल गंगा में स्नान करके मां गंगा की आरती करने से समस्त पापों का विनाश हो जाने की धार्मिक मान्यता है। गंगा का जल हमेशा पवित्र व गुणकारी होता है,उसमें कभी भी कीड़े नहीं पड़ते और इसका जल प्रदूषित नहीं होता । इसलिए इस जल में स्नान करने से रोगों का विनाश हो जाता है।

गंगा दशहरा के दिन स्नान, ध्यान और तर्पण करने से शरीर शुद्ध और मानसिक विकारों से मुक्त हो जाता है।अमृत दायिनी मां गंगा के स्पर्श मात्र से ही चराचर जीवो के पापों का अंत हो जाता है और उसे मुक्ति मिल जाती है। कहते है कि एक बार महाराज सगर ने एक बड़ा यज्ञ किया। उस यज्ञ की रक्षा का भार उनके पौत्र अंशुमान ने संभाला। इंद्र ने सगर के यज्ञीय अश्व का अपहरण कर लिया। यह यज्ञ के लिए विघ्न था। परिणाम स्वरूप अंशुमान ने सगर की साठ हजार प्रजा लेकर अश्व को खोजना शुरू कर दिया। सारा भूमंडल खोज लिया पर अश्व नहीं मिला।फिर अश्व को पाताल लोक में खोजने के लिए पृथ्वी को खोदा गया। खुदाई पर उन्होंने देखा कि साक्षात? भगवान %महर्षि कपिल% के रूप में तपस्या कर रहे हैं। उन्हीं के पास महाराज सगर का अश्व घास चर रहा है। प्रजा उन्हें देखकर %चोर-चोर% चिल्लाने लगी।

महर्षि कपिल की समाधि टूट गई। ज्यों ही महर्षि ने अपने आग्नेय नेत्र खोले, त्यों ही सारी प्रजा भस्म हो गई। इन मृत लोगों के उद्धार के लिए ही महाराज दिलीप के पुत्र भगीरथ ने कठोर तपस्या की थी।भगीरथ की तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा ने उनसे वर मांगने को कहा तो भगीरथ ने %गंगा% की मांग की।इस पर ब्रह्मा ने कहा- राजन! तुम गंगा का पृथ्वी पर अवतरण तो चाहते हो? परंतु क्या तुमने पृथ्वी से पूछा है कि वह गंगा के भार तथा वेग को संभाल पाएगी? मेरा विचार है कि गंगा के वेग को संभालने की शक्ति केवल भगवान शंकर में है। इसलिए उचित यह होगा कि गंगा का भार एवं वेग संभालने के लिए भगवान शिव का अनुग्रह प्राप्त कर लिया जाए।

# कश्मीर में आतंक

सिद्धार्थ शंकर

कश्मीर घाटी में अचानक से सक्रिय हुए आतंकियों ने सेना से लेकर सरकार तक की टेंशन बढ़ा दी है। आतंकी गतिविधियों में तेजी कई बातों की ओर इशारा कर रही है और यह किसी एक घटना या फैसले से प्रेरित कतई नहीं है। धारा-370 हटाए जाने के बाद पाकिस्तान की तरफ से जिस तरह की आपाधापी दिखाई गई और आज भी गाहे-बगाहे उसका कश्मीर प्रेम दिखता है, वह आतंकियों को सुरक्षित रास्ता मुहैया करा रहा है। जम्मू-कश्मीर में सोमवार रात से चल रहे दो एनकाउंटर में 3 आतंकी ढेर हुए। सोपोर जिले के जालूरा इलाके में रात 10 बजे लश्कर-ए-तैयबा का एक और कुपवाड़ा में सुबह दो आतंकी मारे गए। तीन में से दो आतंकी पाकिस्तानी थे, जबकि एक लोकल। दूसरी ओर बीएसएफ ने सोमवार रात ही कनाचक के दयारान में नजर आए एक ड्रोन पर गोलियां चलाई। रात करीब 11 बजे हुई फायरिंग के बाद ड्रोन से जुड़े पेलोड को नीचे लाया गया। पेलोड में बच्चों के टिफिन बॉक्स के अंदर 3 मैग्नेट आईईडी थे। जिनमें टाइमर सेट था। आतंकियों की एकदम से सामने आई हरकत भारत की उस चिंता पर भी मुहर लगा रही है जो उसने अफगानिस्तान को लेकर जताई थी। भारत लंबे समय से जिस खतरे की ओर संकेत करता आया है, वह अब हकीकत में दिखने भी लगा है। पिछले साल अगस्त में तालिबान के सत्ता पर काबिज होने के बाद भारत ने आशंका जताई थी कि यह मुल्क आतंकी संगठनों का नया गढ़ बन सकता है। भारत की यह आशंका बेबुनियाद नहीं थी। सबसे बड़ा कारण तो यही कि तालिबान को सत्ता तक पहुंचाने में पाकिस्तान ने जिस तरह की भूमिका अदा की और उसकी हर तरह से मदद की, उससे तभी साफ हो चला था कि अफगानिस्तान को आतंकी संगठनों का नया ठिकाना बनने से कोई नहीं रोक पाएगा। भारत ही नहीं, अमेरिका सहित दुनिया के तमाम देश और खासतौर से अफगानिस्तान से सटे मुल्क भी यहां अलकायदा, जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा जैसे संगठनों की जड़ें मजबूत होने से चिंतित हैं। अब अफगानिस्तान में जैश और लश्कर जैसे आतंकी संगठनों को जमीन मिल गई है तो उसका असर कश्मीर में दिखना स्वाभाविक है। अभी भी कश्मीर घाटी में आतंकवाद फैलाने में यही दोनों गुट ज्यादा सक्रिय हैं। तालिबान के सत्ता में आने के बाद से ही भारत कहता भी रहा है कि अफगानिस्तान की जमीन पर तैयार होने वाले लड़ाकों का इस्तेमाल कश्मीर में किया जा सकता है।

# किचन की रानी को जरूर पता होने चाहिए ये छोटे-छोटे मगर कमाल के कुकिंग टिप्स



किचन में काम करते समय कई कई छोटी-छोटी चीजों का खास ध्यान रखने की जरूरत होती है। इससे खाना हेल्दी व टेस्टी बनता है। वहीं अक्सर महिलाओं को किचन में खाना बनाने से लेकर चीजें स्टोर करने तक कई छोटी-छोटी दिक्कतें आती हैं। ऐसे में इससे बचने व काम को आसान बनाने के लिए आज हम आपके लिए कुछ खास किचन हैक्स लेकर आए हैं। इससे आप मिनटों में एकदम परफेक्ट तरीके से अपने किचन का काम कर पाएगी।

### परांठे बनाने की ट्रिक

आटे में उबले हुए आलू को कद्दूकस करके मिला लें। इससे परांठे स्वादिष्ट बनेंगे।

### इडली-डोसा का मिक्सचर खट्टा हो जाए तो क्या करें?

इडली डोसा का मिक्सचर खट्टा हो गया है तो उसमें नारियल का दूध मिला दें। इससे खट्टापन कम हो जाएगा।

### क्रिस्पी स्प्रिंग रोल कैसे बनाएं?

स्प्रिंग रोल की रोटी का बैटर हमेशा पतला ही बनाएं। इससे रोल क्रिस्पी बनेंगे।

### पकौड़े बनाने में कम ऑयल यूज करने का तरीका

पकौड़े भी बने और ऑयल भी ज्यादा ना लगे इसके लिए बेसन के घोल में एक नींबू का रस मिक्स कर लें।

### सब्जियों के पोषक तत्व बचाने के टिप्स

सब्जियों को बहुत बारीक ना काटें और पानी की बजाए भाप में धीमी आंच पर पकाएं। इससे सब्जियों के पोषक तत्व बरकरार रहेंगे।

### किशमिश काटने का तरीका

किशमिश के ऊपर थोड़ा-सा आटा डालकर किचन सीजर से काटें। इससे वो आसानी से कट जाएगी।

### दाल में नमक-मिर्च ज्यादा हो जाए तो क्या करें?

दाल में नमक मिर्च ज्यादा हो जाए तो उसमें चावल का पानी (माड़) डाल दें। इससे दाल में तीखापन और नमक कम हो जाएगा।

### डिनर के साथ तैयार करें नए फ्लेवर वाली चटनी

प्लेन मेयोनेज में हरी चटनी या कटा हुआ धनिया-पुदीना मिलाएं। इससे नए फ्लेवर वाली चटनी तैयार हो जाएगी।

### बैंगन काटने के बाद काला हो जाए तो क्या करें?

बैंगन को काटने के बाद उसे पानी में 1 टेबलस्पून दूध पाकर उबाल लें। इससे उससे कालापन दूर हो जाएगा।

### दाल को कीड़ों लगने से बचाने की ट्रिक

दालों को कीड़े से बचाने के लिए डिब्बे में कैस्टर ऑयल की 3-4 बूंदें डाल दें।

### छन्नी को साफ करने का तरीका

प्लास्टिक की छन्नी को साफ करने के लिए उसमें 15 मिनट तक साबुन लगाकर छोड़ दें। बाद में ब्रश से साफ कर दें। इससे छन्नी चमकने लगेगी।

## दही नहीं इन चीजों से लाएं कढ़ी में खट्टापन, मिलेगा एकदम रेस्तरां जैसा स्वाद



कढ़ी-चावल भारतीयों के फेवरेट डिश में से एक हैं। वहीं कढ़ी ज्यादा खट्टी हो तो इसका अलग ही स्वाद आता है। मगर अक्सर महिलाओं की कढ़ी ज्यादा खट्टी न बनने की शिकायत रहती हैं। ऐसे में अगर आपकी कढ़ी दही इस्तेमाल करने पर भी खट्टी नहीं होती तो आप इसमें कुछ और चीजें मिला सकती हैं।


**टमाटर का पेस्ट मिलाएं:** आप कढ़ी को खट्टा बनाने के लिए इसमें टमाटर का गूदा मिला सकती हैं। इसके लिए 2-3 टमाटर को कद्दूकस करें। अब कढ़ी बनाते समय इसमें टमाटर का गूदा मिलाकर 15 मिनट तक पकने दें। इसके बाद कढ़ी को छौंक लगाकर खाने का मज़ा लें। इससे आपकी कढ़ी में खट्टापन आने के साथ इसका स्वाद और भी बढ़ जाएगा।

**नींबू का रस मिलाएं:** नींबू तो हर घर में आसानी से मिल जाते हैं। ऐसे में आप इसकी मदद से अपनी कढ़ी का खट्टापन व टेस्ट बढ़ा सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले अपनी कढ़ी बना लें। अब इसमें 1-2 चम्मच नींबू का रस मिलाकर स्लो फ्लेम में पकाएं। इसे तेज आंच पर न पकाएं। नहीं तो आपकी कढ़ी फट सकती हैं।

**अमचूर पाउडर मिलाएं:** अमचूर की मदद से भी कढ़ी में खट्टापन लाया जा सकता हैं। इसके लिए कढ़ी बनाते समय इसमें थोड़ा सा अमचूर पाउडर मिलाएं। आप चाहे तो इसमें सुखे आम के टुकड़े भी मिला सकती हैं।

**इमली का पानी करें मिक्स:** कढ़ी का खट्टापन और स्वाद बढ़ाने के लिए आप इसमें इमली का पानी मिला सकती हैं। इसके लिए 1 कप पानी में थोड़ी सी इमली भिगोएं। फिर कढ़ी गाढ़ी होने पर इसमें साधारण पानी की जगह इझमली का पानी मिलाएं। इससे आपकी कढ़ी का स्वाद खट्टा होने में मदद मिलेगी।

# आप भी नहीं जानती होंगी फ्रीजर में फूड स्टोर करने की ये जरूरी बातें



फ्रिज आजकल तो हर घर में आसानी से मिल जाता है। इससे खाना खराब होने का खतरा कम रहता है। वहीं लंबे समय तक फूड आइटम को फ्रेश रखने के लिए लोग फ्रीजर का भी इस्तेमाल करते हैं। फ्रीजर का टेम्परेचर फ्रिज के मुकाबले में कम होता है। ऐसे में इसमें खाना स्टोर करने से ये ज्यादा देर तक ताजा रहता है। मगर फिर भी फ्रीजर में खाना रखने से पहले कुछ बातों का ध्यान रखने की जरूरत होती है। चलिए जानते हैं इसके बारे में...

### गर्म खाना स्टोर ना करें

इस बात का ध्यान रखें कि खाने को हमेशा ठंडा करके ही फ्रीजर में स्टोर करें। दरअसल, गर्म फूड फ्रीजर में रखने से यह फ्रीजर का टेम्परेटर बढ़ाने का काम करता है। इसके कारण पहले से फ्रीजर में रखे दूसरे फूड डिफ्रॉस्ट होने का खतरा रहता है। ज्यादा मात्रा में खाने होने पर उसे पार्ट्स में करके फ्रीजर में रखने से उसकी कूलिंग प्रोसेस बढ़ सकती है।

### खाने को अच्छे से रैप करके स्टोर करें

फ्रीजर में खाना रखने से पहले उसे अच्छे से रैप कर लें। इससे 'फ्रीजर बर्न' की स्थिति हो सकती है। दरअसल, बिना रैप किए खाने को स्टोर करने से इसमें मौजूद पानी निकल सकता है। इसके कारण फूड डिहाइड्रेड की परेशानी भी हो सकता है। इसके कारण फूड की क्वालिटी में गिरावट आ सकती हैं। मगर हां इसके बाद भी फूड खाने के लायक होता है। ऐसे में आप सब्जियों, फलों को कवर करके या एयर टाइट कंटेनर में डालकर रख सकती हैं।

### ज्यादा खाना स्टोर ना करें

फ्रीजर में हमेशा उतना ही खाना स्टोर करें जितनी जरूरत है। उदाहरण के तौर पर अगर आप घर में 4 सदस्य हैं इससे ज्यादा लोगों का खाना स्टोर करने से बचें। फ्रीजर को जरूरत से ज्यादा भर देने से खाना जल्दी खराब हो सकता है।

### लेबलिंग करना सही

अगर आप फ्रीजर में ज्यादा सामान रख रही हैं तो उनपर लेबलिंग कर लें। इसतरह आप कच्चे और पके यानि तैयार खाने को अलग-अलग मार्क कर सकती हैं। आप फूड स्टोर करने से पहले इसपर डेट भी लिख सकती हैं।

### बर्फ न जमने दें

फ्रीजर में चीजें रखने पर इस बात का ध्यान रखने की इन फूड आइटम पर बर्फ ना जमने दें। अगर चीजों पर बर्फ जम भी जाती हैं तो फ्रीजर को थोड़ी देर के लिए डिफ्रॉस्ट करें। इससे आपका खाना कुछ देर तक एकदम ताजा रहेगा।

# ऊनी कपड़ों से अब नहीं आएगी दुर्गन्ध, आजमाकर देखें ये आसान टिप्स

सर्दियों का मौसम अपनी चरम सीमा पर आ गया है। इस दौरान ठंड से बचने के लिए ज्यादा मोटे व गर्म ऊनी कपड़ों को संदूक के बाहर निकाल रहे हैं। मगर लंबे समय से बंद पड़ने कपड़ों में अजीब की महक आने लगती हैं। इसके कारण इसे तुरंत संदूक या अलमारी से निकालकर पाना मुश्किल हो जाता है। दरअसल, ऐसे कपड़ों को पहनने से स्किन एलर्जी व छींक या खांसी आने की परेशानी भी हो सकती हैं।

ऐसे में लोग इसे लिक्विड वॉश से धोकर पहनते हैं। मगर इनमें केमिकल होने से ऊनी कपड़े खराब होने का डर रहता है। ऐसे में आप चाहे तो अपने इन ऊनी और गर्म कपड़ों से दुर्गंध दूर करने के लिए कुछ देसी उपाय अपना सकती है। चलिए जानते हैं इन देसी नुस्खों के बारे में...

### धूप लगवाएं

गर्म कपड़ों को धूप दिखाना पुराने जमाने से ही बेहद कारगर नुस्खा माना गया है। इसके लिए आप कपड़ों को अलमारी या संदूक से निकालकर 3-4 दिनों तक रोजाना 2-3 घंटे धूप लगवा दें। इससे आपको ऊनी कपड़ों से स्मैल आनी बंद हो जाएगी।



### बेकिंग सोडा और कॉफी पाउडर

कपड़ों को धूप लगवाने के बाद इसे अलमारी में रखते समय इनके बीच 2-3 पैकेज कॉफी या बेकिंग सोडा रख दें। इससे आपके ऊनी कपड़े एकदम खूशबूदान और नए जैसे रहेंगे।

### एसेंशियल ऑयल

गर्म कपड़ों को संदूक से निकालने के बाद इन्हें एसेंशियल ऑयल में धोएं। इसके लिए पानी में कुछ बूंदें एसेंशियल ऑयल की डालें। अब कपड़ों को साबुन या सर्फ से धोने के बाद उस पानी में 5 मिनट तक भिगोएं। बाद में ताजे पानी से धोकर धूप में सुखाएं। इससे कपड़ों से दुर्गंध आनी बंद हो जाएगी। इसके लिए आप रोजमेरी, लैवेंडर, लेमनग्रास एसेंशियल आदि ऑयल इस्तेमाल कर सकती हैं।




### नींबू के छिलके

गर्म कपड़ों से बदबू आने की समस्या से बचने के लिए नींबू के छिलके इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए कपड़ों को संभालते समय इसमें नींबू के छिलके रख दें। नींबू के छिलके फ्रेशनर का काम करते हुए आपके कपड़ों से बदबू आने को रोकेगा। आप नींबू की तरह संतरे के छिलके भी यूज कर सकती हैं।

### नींबू का रस

पानी की बाल्टी में 2 चम्मच नींबू का रस मिलाएं। अब गर्म कपड़ों को धोने के बाद नींबू मिश्रित पानी में 15 मिनट तक भिगोएं। इसके बाद कपड़ों को धूप में सुखाएं। इससे गर्म कपड़ों से दुर्गंध दूर होकर धीमी-धीमी खुशबू आएगी।



# दाल का पानी बच जाए तो क्या करें? महिलाओं को किचन क्वीन बनाएंगे ये टिप्स



वेजिटेबल चॉपर हो, एयरटाइट कंटेनर हों, या यहां तक कि रीयूजेबल किचन वाइप्स जैसी साधारण चीजें हों- ये चीजें समय बचाने में मदद करती है। मगर, इसके बावजूद भी महिलाओं को कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में हम आपको लिए यहां कुछ छोटे - छोटे किचन हैक्स लेकर आए हैं जो ना सिर्फ आपके समय की बचत करेंगे बल्कि इनकी मदद से आप टेस्टी खाना भी पका सकती हैं। चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसे छोटे-छोटे टिप्स जो आपको किचन क्वीन बनाने में मदद करेंगे।

- **ऐसे छीलें लहसुन-**अदरकः लहसुन-अदरक को छीलकर धो लें। फिर इसे अच्छी तरह सुखाकर फ्रिज में स्टोर करें। इससे यह लंबे समय तक फ्रैश रहेंगे।
- **मसालों को रखें फ्रैश:** पिसे हुए मसालों को कांच के जार में भरकर रखें। इससे उनमें सीलन नहीं आएगी।
- **चावल को कीड़े से बचाए:** दाल-चावल के डिब्बे में नीम के थोड़े-से पत्ते डालकर स्टोर करें। इससे उनमें कीड़े नहीं लगेंगे।
- **हरे धनिए को रखें फ्रैश:** हरे धनिया को काटकर एयर टाइट कंटेनर में पहले टिशू रखकर बिना धोए रखें। 4-5 दिन बाद टिशू पेपर बदल दें। इससे हरा धनिया सूखेगा नहीं।
- **बची चाशनी का रियूज:** अगर मिठाई बनाते समय चाशनी बच जाती है तो उसे फेंके नहीं बल्कि दलिया बनाने के लिए इस्तेमाल करें।
- **बंदगोभी काटने का तरीका:** बंदगोभी को काटने के लिए चाकू की बजाए पोटैटो पिलर का इस्तेमाल करें।
- **कीवी का पल्प कैसे निकालें:** कीवी को काटकर गिलास की मदद से उसका पल्प निकालें। इससे वो आसानी से निकल जाएगा।
- **ऐसे निकालें नींबू का रस:** नींबू का काटकर 30 सेकंड के लिए माइक्रोवेव में रखें और फिर जूस निकालें। इससे जूस ज्यादा निकलेगा।
- **चावल को दोबारा गर्म करने का तरीका:** चावल या सब्जी दोबारा गर्म करें तो उसके ऊपर थोड़ा-सा पानी छिड़क दें। इसमें उनमें नमी बनी रहेगी।
- **ऐसे उबालें आलू:** आलू को उबालने से पहले उसमें कांटे की मदद से छेद कर लें। इससे गैस और समय दोनों की बचत होगी।
- **ऐसे बनाएं बिना प्याज की ग्रेवी:** बिना प्याज के किसी ग्रेवी को टेस्टी बनाने के लिए मूंगफली या टमाटर के पेस्ट का इस्तेमाल करें।
- **दाल का पानी बच जाए तो क्या करें?:** दाल में पानी ज्यादा हो जाए तो उसे फेंकने की बजाए सब्जी, सूप बनाने के लिए यूज कर लें।
- **तंदूरी रोटी नर्म बनाने की ट्रिक:** पनीर बनाने के बाद बचे हुए पानी से आटा गूंथें और फिर तंदूरी चपाती बनाएं। इससे चपाती नर्म बनती है।

# मुरैना के अंबाह मै पीडीएस की दुकान मिलती है बंद प्रशासन का डर नही, करते है मनमानी
# खाद्य विभाग निरीक्षण कर इन बंद मिली पीडीएस दुकानों के खिलाफ करे उचित कार्यवाही

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजलि टुडे**




**अंबाह।** अंबाह नगर की पीडीएस की दुकान बंद मिली। मौके पर कोई नहीं था। दुकान पर बोर्ड टंगा था। जिसमें खाद्य सुरक्षा योजना के अनाज वितरण करने का लाइसेंस, सेल्समैन का नाम अंकित है। दुकान पर कोई सूचना पट नहीं था। नियमानुसार टॉक बोर्ड और सूचना पट होना चाहिए। सूचना पट पर यह जानकारी होती है कि सामान की उपलब्धता है या नहीं। दुकानदार कहीं बाहर है, तो किस दिन दुकान खोलेगा। इसका जिक्र होगा ऐसा इन पीडीएस की दुकानों पर कुछ नही था यहां के कुछ लोगों से पूछा तो बताया कि ये पीडीएस संचालक अपने हिसाब से दुकान खोलते हैं। लोग राशन के लिए चक्कर काटते है और थक हार कर घर को भी आकर लौट जाते है। किसी प्रकार की सूचना उपभोक्ताओं के लिए नहीं दी गई। दुकानदार के खाद्यान्न देने के तरीके से भी लोग नाराज हैं। दबंग दुकानदार है, इसलिए लोग शिकायत करने से घबराते हैं।

### जिनकी पीडीएस दुकान बंद थी

पीडीएस दुकान कोड 211001, विचोला रोड

दुकानदार का नाम-प्रमोद सिंह तोमर , पीडीएस दुकान कोड 211007 , वाटर वर्क्स रोड

दुकान कोड 211009,

दुकानदार का नाम-राजेश कुमार

संबंधित अधिकारी श्री उमेश शर्मा जी का कहना

हम इस प्रकार के पीडीएस दुकान चलाने वालो पर सख्त से सख्त कार्यवाही करेंगे

शहरी क्षेत्रों मैं पीडीएस दुकान के खुलने का समय सुबह 09:00-01:00 बजे तक एवं शाम को 04:00-06:00 बजे तक गर्मियों में

अब देखना है की इन पीडीएस संचालकों पर कार्यवाही कब तक होती है

## सैनी समाज स. मा.जिला अध्यक्ष श्री सी एल सैनी ने पूर्व कृषि मंत्री आदरणीय प्रभुलाल जी सैनी के साथ डूंगरी वाले बालाजी ग्राम छावा की बगीची पहुँचकर नौ दिवसीय महायज्ञ में शिरकत की

### समिति द्वारा अतिथियों का माला साफा पहनाकर स्वागत सत्कार किया...!!

श्री सी एल सैनी ने संशोधित करते हुए कहा कि सैनी समाज को शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बनना होगा और बालिका शिक्षा को बढ़ावा देना होगा तब जाकर समाज आगे बढ़ पायेगा आगे यह भी कहा कि जो भी बालिका आर्थिक रूप से पढाई से बंचित हो रही है उनके पढाई के लिए



कोई कमी नहीं होने दी जावेगी तथा 01 जुलाई 2022 को सैनी समाज व नामदेव फिनवेस्ट कं. प्रा. लि. द्वारा सर्व समाज की बेटियों को शिक्षा के क्षेत्र में गोद लेने के कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाए.. पूर्व कृषि मंत्री श्री प्रभुलाल जी सैनी ने संशोधित करते हुए कहा कि समाज को शिक्षा व व्यापार के क्षेत्र में आगे आना होगा तब जाकर समाज में नई जाग्रति पैदा होगी... इस पावन अवसर पर श्री भागचंद सैनी श्री रामसहाय जी सैनी जिला परिषद सदस्य, श्री मोहन लाल जी सैनी तहसील अध्यक्ष, श्री राजेन्द्र जी भोला युवा तहसील अध्यक्ष, श्री मदन मोहन जी सैनी जिला परिषद सदस्य, श्री काडूराम सैनी पूर्व पार्षद, श्री बद्री भारती जी, श्री डालचंद सैनी सरपंच, श्री धनपाल जी सैनी सरपंच, श्री रामनिवास जी सैनी, श्री कैलाश जी सीआरपीएफ, श्री दिनेश चिरौली, श्री बत्तुलाल सैनी, श्री राम प्रसाद जी सैनी जलोखरा, श्री जमनालाल सैनी तहसील अध्यक्ष बामनवास, श्री मगराज सैनी पूर्व सरपंच, श्री रामसिंह सैनी पूर्व सरपंच, राजेन्द्र सैनी युवा नेता, मानसिह सैनी वंदरपुरा, रामेश्वर सैनी सेवा, रिंकू जाट बडोदा, मनमोहन सैनी आदि समाज के लोग शामिल हुए

## पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अवसर पर तुलसी पौधे का किया वितरण

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी**-भारत विकास परिषद की शाखा गुरु तेग बहादुर द्वारा ग्वालियर बायपास चौराहा पर पर्यावरण संरक्षण सप्ताह के अवसर पर तुलसी पौधे



का वितरण किया गया एवं पक्षियों के लिए मिट्टी के सकोरे पक्षियों के पानी पीने के लिए निशुल्क वितरित किए गए गुरु तेग बहादुर शाखा द्वारा ग्वालियर बाईपास चौराहे पर निकलने वाले राहगीरों को यह सकोरे एवं तुलसी के पौधे वितरित किए गए एवं उनको सलाह दी गई इस पौधे को आप घर पर लगाएं इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष मुकेश कुशवाहा सचिव अलंकार अन्वेकर कोषाध्यक्ष आलोक तिवारी पूर्व अध्यक्ष एवं प्रांतीय संयोजक मनीष शुक्ला धर्मेंद्र राठौर आशीष कुशवाहा गोपाल दंडोतिया गौतम साहू जी अनिल शर्मा जी श्रीमती दीपा दुबे श्रीमती वंदना गुप्ता दीपक शर्मा राधेश्याम शर्मा राम भरत धाकड़ आदि इस सकोरे एवं तुलसी पौधे वितरण में उपस्थित हुए

### 307 के आरोपी घर से अवैध कट्टा सहित अन्य हथियार किय जब्त

**अजय खंगार ब्यूरो पुष्पांजलीं टुडे**

**टीकमगढ़ :-** एक सप्ताह पूर्व पीजी कॉलेज के बाहर दहशत फैलाने बाले आरोपी को कोतवाली पुलिस ने किया गिरफ्तार, आरोपी नीलेश



उटमालिया के घर पुलिस ने की तलाशी ली आरोपी के घर से दो तलवार, एक देशी कट्टा सहित 3 कारतूस, एक फरसा, दो बका किये जप्त, आरोपी की घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी पुलिस ने की जप्त, कोतवाली पुलिस की कार्यवाही, पुलिस ने 5 आरोपियों पर किया था 307 का मामला दर्ज, 3 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार वहीं कोतवाली टीआई द्वारा बताया गया कि आरोपी के घर से हथियार बरामद हुए हैं जिसको वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया था बताया गया है कि आरोपी पहले से कई मामलों में सन लिप्त है और इसका एक बार जरा बदल भी हो चुका है यह स्टे पर टीकमगढ़ में रह रहा था आरोपीके घर पर बुल्डोजर चलाने की कार्रवाई को लेकर अनुशंसा की गई है अधिकारियों के द्वारा अनुमति मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जा सकती हैं

## कोचिंग सेंटरों के बाहर गुंडागर्दी पर की जाए सख्त कार्यबाही एबी वीपी अंबाह द्वारा एसडीएम श्री राजीव समाधियां को दिया गया ज्ञापन लेकिन ऐसा धरातल पर कुछ असर होता नजर नही आ रहा है

**गणेश शंकर राजोरिया**
**पुष्पांजली टुडे**




**अंबाह।** अंबाह मैं आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई अम्बाह द्वारा अनुविभागीय अधिकारी महोदय श्री राजीव समाधिया जी को विभिन्न मांगों को लेकर परिषद ने दिया ज्ञापन! विद्यार्थी परिषद के नगर अध्यक्ष आर एस राठौर ने बताया विगत कुछ दिनों से शहर के हाथी गड्ढा स्थित कोचिंगो के आसपास छात्राओं से अभद्रता, छेड़छाड़, एवं प्रतिदिन अश्लील हरकतें करना तीन दिन पूर्व एक छात्रा की आवारा तत्वों द्वारा बेल्ट से पिटाई करना प्रमुख समस्याएं प्रतिदिन बढ़ती जा रही है परिषद ने ज्ञापन में अपनी कुछ मांगे प्रशासन के सामने रखी है जिसमें प्रत्येक कोचिंग के अंदर एवं बाहर सीसीटीवी कैमरा, प्रत्येक छात्र एवं छात्राओं का आईडी कार्ड, छात्रों के लिए पीने का पानी, शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए शिक्षक के पास पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र छात्राओं की संपूर्ण जानकारी अपने रजिस्टर में होनी चाहिए शिक्षक छात्राओं की सुरक्षा के लिए अपने निजी सुरक्षा गार्ड रखें एवं इसके लिए प्रशासन की तरफ से पुलिस आरक्षक महिला एवं पुरुष की ड्यूटी सुनिश्चित की जाए विद्यार्थी परिषद द्वारा प्रशासन को 4 दिन का समय दिया गया है अगर हमारी मांगे पूरी नहीं हुई तो विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होगी इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी ज्ञापन देने वालों में एक दर्जन से अधिक एबीवीपी अंबाह के कार्यकर्ता उपस्थित रहे

# भविष्य निर्माण हेतु रसायन विषय की भूमिका पर परिचयात्मक व्याख्यान का आयोजन

**पुष्पांजली टुडे**

रसायन विभाग द्वारा संचालित प्रमाण-पत्र कोर्स "ANALYTICAL CHEMISTRY तथा स्नातकोत्तर विद्यार्थियों हेतु श्री संजय शर्मा , मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ऑर्बिट केम, मालनपुर - ग्वालियर ,द्वारा भविष्य निर्माण हेतु रसायन विषय की भूमिका पर परिचयात्मक व्याख्यान का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिवराज सिंह तोमर जी ने संजय शर्मा जी का स्वागत करते हुए महाविद्यालय विद्यार्थियों के उनके द्वारा दिए जा रहे सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया। रसायन विषय के विभागाध्यक्ष डॉ वीके जैन ने श्री संजय शर्मा जी का विद्यार्थियों के समक्ष परिचय देते हुए स्वागत किया। संजय शर्मा जी ने अपने व्याख्यान में आज के समय में रसायन विषय की अनिवार्यता एवं उपयोग को विस्तार से बताते हुए विद्यार्थियों को फार्मा इंडस्ट्री में अपना भविष्य बनाने हेतु प्रेरित किया तथा विद्यार्थियों को स्वयं की कंपनी ऑर्बिट केम के लिए योग्य विद्यार्थियों को प्रशिक्षण एवं जॉब हेतु अवसर देने की जानकारी दी।




श्री संजय शर्मा जी द्वारा विषय संबंधित नई जानकारी एवं फार्मा इंडस्ट्री में उपयुक्त होने वाले उपकरणों की जानकारी भी विद्यार्थियों को दी गई इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को साक्षात्कार हेतु स्वयं को तैयार रहने के सूत्र भी बताएं।

रसायन विभाग अपने प्रमाण-पत्र कोर्स एवं स्नातकोत्तर विद्यार्थियों के लिए ऑर्बिट केम फार्मा कंपनी में परिभ्रमण हेतु एवं विद्यार्थियों के प्रशिक्षण हेतु संजय शर्मा जी द्वारा दिए जा रहे अवसर उपलब्ध कराने हेतु धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्नातक विद्यार्थियों के साथ- साथ शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मुरैना के विद्यार्थियों ने भी ऑनलाइन जुड़कर सहभागिता की।

कार्यक्रम के अंत में विभागाध्यक्ष डॉ वीके जैन ने संजय शर्मा जी के व्यक्तित्व को ग्रहण करने हेतु विद्यार्थियों को कहते हुए शर्मा जी का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में विभाग को तथा विद्यार्थियों को उनकी कंपनी द्वारा सहयोग प्राप्त करने हेतु दिए जा रहे अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता को बताया।

## दो दर्जन लोगों की समस्या हल होने में दो लोग डाल रहे दखल

### नगर पालिका द्वारा बनाए जा रहे नाले को मौखिक आदेश से अधर में रोका

**पुष्पांजली टुडे**

**गोहद**-नगर पालिका द्वारा वार्ड क्रमांक 11 में पुराना बस स्टैंड से बाबा कपूर गली तक बने मकानों के पीछे एक नाला निर्माण लगभग छत्तीस लाख रुपए की राशि से बनाया जा रहा है जिसकी ठेकेदार द्वारा



गंदगी दलदल बाली मिट्टी को खोदकर निर्माण शुरू कर दिया जिसके लिए सभी मकान मालिक चाहते हैं कि नाला निर्माण हो जिससे उनके घर के पानी की निकासी व्यवस्था सुधर सके अभी घरों का पानी दीवारों में बैठता है जिससे सभी मकान क्षतिग्रस्त हो रहे हैं इस नाला निर्माण के लिए लगभग छह वर्षों से नगर पालिका द्वारा विज्ञप्ति जारी कर टेंडर आमंत्रित किए गए लेकिन पहली बार टेंडर प्रक्रिया में किसी ठेकेदार ने भाग नहीं लिया दूसरी बार टेंडर डाला गया लेकिन नाला निर्माण कार्य के लिए रास्ता न होने के कारण ठेकेदार ने कार्य करने से इंकार कर दिया जिसके बाद तीसरी बार नगरपालिका ने विज्ञप्ति जारी कर टेंडर आमंत्रित किए जिसमें ठेकेदार द्वारा एक निजी रास्ते से मटेरियल ले जाकर कार्य करने को तैयार हुआ नगरपालिका से कार्यादेश मिलने पर कार्य शुरू भी हो गया जिससे दो दर्जन से अधिक लोगों की समस्या का हल हो जाता साथ ही प्रधानमंत्री के स्वच्छता अभियान को जो पलीता लगा रहा है उससे भी निजात मिल सकती थी लेकिन इसी बीच राजेश दुबे उर्फ गुड्डू,एवं अमरनाथ पांडे ने बीच में दखल डाल दिया जिसपर एसडीएम शुभम शर्मा, सीएमओ सतीश दुबे, इंजीनियर गरिमा कनेरिया मौके पर पहुंची मौका मुआयना किया जहां सभी मोजूद लोगों ने नाला बनाने की पेशकश की लेकिन दो लोगों के कहने पर मामला अटका दिया जिससे सभी मकान मालिक चिंतित हैं कि अगर प्रशासन कार्य में ढील बरतता है तो बारिश के समय में मकान क्षतिग्रस्त ना हो जाएं इसलिए प्रशासन से सभी वार्ड बासियो ने नाला शीघ्र निर्माण कराने का आग्रह किया है

**इनका कहना हैं**

घरो के पीछे नाला न होने से गंदगी के ढेर हो जाते हैं जिससे बदबू आती है एवं गंदगी से मच्छर पनपने के कारण बीमारियों का डर बना रहता है -**सलीम बक्स वार्डवासी**

नाला निर्माण होने से घरों के गंदे पानी की निकासी हो सकेगी सादर ही गंदगी से निजात मिलेगी- **मनोज गुप्ता**

नाला निर्माण कार्य कराया जा रहा था लेकिन दो लोगों ने आकर कार्य पर रोक लगवा दी है नगर पालिका के निराकरण होते ही कार्य शुरू हो जाएगा -**राजू खान ठेकेदार प्रतिनिधि**

टेंडर प्रक्रिया के दौरान कोई विवाद या ओबजेक्शन नहीं आया था कार्य शुरू होने के बाद शिकायत आई है सीमांकन कराने के बाद कार्य कराया जाएगा शीघ्र सीमांकन कराया जायेगा- **सतीश दुबे सीएमओ गोहद**

# नगरीय निकाय चुनाव से पहले विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के समर्थन में भाजपा के दो वरिष्ठ नेता कांग्रेस में हुए शामिल

**अर्पित गुप्ता उपसम्पादक पुष्पांजली टुडे**





**दबोह ।** दबोह में नगरीय निकाय चुनाव को लेकर सरगर्मियां हुई तेज कांग्रेस पार्टी की समीक्षा बैठक का हुआ आयोजन।जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में नेता प्रतिपक्ष लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह मौजूद रहे।समीक्षा बैठक में पर्यवेक्षक के रूप में कॉग्रेस के प्रदेश सचिव डॉ.रणवीर सिंह यादव मौजूद रहे।इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह के समक्ष भाजपा के वरिष्ठ नेता दशरथ सिंह कौरव व वरिष्ठ नेता रामस्वरूप कौरव दोनो लोग कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए।जिसके उपरांत लहार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट देवेंद्र त्रिपाठी ने पार्टी की ओर से स्वागत किया।इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष लहार विधायक डॉ.गोविन्द सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस की नगर परिषद बनने पर विकास में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।मेरी प्राथमिकता होगी दबोह में युवाओं के लिए स्टेडियम का निर्माण कराया जाए दबोह नगर को खूबसूरत नगर के रूप में तब्दील किया जायेगा,जो पार्टी में शामिल हुए उनके सम्मान में पार्टी कोई कसर नहीं छोड़ेगी।पर्यवेक्षक डॉ.रणवीर सिंह यादव ने कहा लहार विधानसभा में पुनः चारो नगर परिषद कांग्रेस पार्टी के समर्थन में ही बनेगी।दबोह नगर परिषद की 15 सीटे कॉग्रेस की बनेगी मुझे डॉ.गोविन्द सिंह के संगठन पर पूरा भरोसा है।कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री शिवनारायण दुबे बल्लू वकील ने किया।आभार नगर अध्यक्ष रूपनारायण खटीक ने किया।इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष डॉ.ओपी सिंह कौरव,वरिष्ठ नेता छोटे राजा गुर्जर,हाकिम सिंह चौधरी पूर्व विधायक प्रतिनिधि,चौधरी रमाशंकर सिंह,विधायक प्रतिनिधि राजेन्द्र खेमरिया,सुरेश सिंह कौरव,शिशुपाल सिंह परिहार,सुधीर तिवारी,रियाज खान,आदि लोग मौजूद रहे।नगरीय निकाय चुनाव में बिभिन्न बार्ड के लिए पार्टी से उम्मीदवार घोषित किया गया।

### ये टिकिट हुए फाइनल

1 वार्ड - प्रीति मेहताब बरसेना 2 वार्ड - नारायण सिंह दोहरे 3 वार्ड - जगमोहन तेहरिया 4 वार्ड - हाकिम सिंह चौधरी 5 वार्ड - प्रीति सिंह/माधव यादव 6 वार्ड - विमला/नरेंद्र दुधरिया 7 वार्ड - सलमा बेगम/शेरे पठान 8 वार्ड - दुर्जन कुशवाह 9 वार्ड - आशा ओमप्रकाश गुप्ता 10 वार्ड - रिक्त होल्ड 11 वार्ड - दिनेश कौरव 12 वार्ड - महिला अंजुम बेगम/सद्दाम 13 वार्ड - माया देवी/दुर्गा दास राठौर 14 वार्ड होल्ड 15 वार्ड गोविन्द सिंह पाल।

**नगर निकाय चुनाव के लिए दावेदारों की दौड़, समर्थकों के साथ वरिष्ठ नेताओं के यहां ढोक लगा रहे**

# महापौर-पार्षद के टिकट के लिए रस्साकशी, भाजपा-कांग्रेस की कल महत्वपूर्ण बैठकें

## जहां नहीं मिलेंगी महिला प्रत्याशी,वहां भाजपा कार्यकर्ता की पत्नी को मिल सकता है टिकट

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी परिवारवाद को लेकर नगरीय निकाय चुनाव में कुछ राहत दे सकती है। खासतौर पर महिलाओं के आरक्षित निकाय में यदि योग्य महिला कार्यकर्ता का पार्टी के पास अभाव होगा, तो ऐसे हालात में भाजपा परिवारवाद की नीति में कुछ छूट देकर पार्टी कार्यकर्ता की पत्नी को टिकट दे सकती है। फिलहाल भाजपा संगठन इस विषय पर विचार कर रहा है। नौ जून को कोर ग्रुप की होने वाली बैठक में इस विषय पर निर्णय लिया जाएगा। कोर ग्रुप की बैठक में जिला एवं संभाग स्तर की चुनाव समिति के गठन पर भी निर्णय लिए जाने की संभावना है। कोर ग्रुप के गठन के बाद यह दूसरी बैठक होगी। पहली बैठक जबलपुर में राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में हुई थी। गौरतलब है कि भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने निकाय चुनाव में भी परिवारवाद पर रोक लगाने की बात कही थी।



### कल कोर ग्रुप की बैठक में होगा फैसला

सूत्रों के मुताबिक गुरूवार को होने वाली भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में निकाय चुनाव की रणनीति को अंतिम रूप दिया जा सकता है। इसमें महापौर से लेकर पार्षद तक की टिकट बंटवारे की चयन प्रक्रिया कैसी होगी, इस बारे में विचार किया जाएगा। प्रत्याशी चयन के लिए जिला एवं सभाग स्तर पर गठित की जाने वाली चुनाव समितियों के बारे में भी कोरग्रुप के सदस्य अपनी राय देंगे।वहीं इस बैठक में सबसे महत्वपूर्ण निर्णय परिवारवाद की नीति को लेकर होगा। अब तक परिवारवाद से आशय यही लगाया जा रहा था कि परिवार में बेटे-बहु से लेकर किसी को भी टिकट नहीं दी जाएगी, लेकिन अब पार्टी के नेता कह रहे हैं कि आरक्षण के कारण कई निकाय में हमारे सामने प्रत्याशी का संकअ खड़ा हो जाएगा। कई निकाय में संबंधित वर्ग की महिला कार्यकर्ता नहीं होने की स्थिति में पार्टी क्या करेगी। यही कारण है ऐसे स्थानों में पार्टी अपने मंडल अध्यक्ष या किसी भी कार्यकर्ता की पत्नी को टिकट दे सकती है। चूंकि महापौर से पार्षद तक के टिकट बंटना है, ऐसे हालात में पार्टी के सामने अन्य कोई विकल्प भी नहीं है। कोर ग्रुप की बैठक में केंद्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया सहित प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव सहित कई बड़े नेता शामिल होंगे।

## कांग्रेस के महापौर पद के दावेदारों का फैसला कल भोपाल में, सभी बड़े नेता रहेंगे मौजूद

### आम सहमति के आधार पर प्रत्याशी तय करने के प्रयास

**भोपाल।** नगर निगम के महापौर पद के प्रत्याशी के नाम पर विचार करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने नौ जून को बैठक बुलाई है। बैठक में सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। इसमें निकाय चुनाव के प्रभारियों द्वारा स्थानीय स्तर पर कार्यकर्ताओं से चर्चा करने के बाद जो फीडबैक जुटाया गया है, उस पर चर्चा की जाएगी। पार्टी की कोशिश यह है कि आम सहमति के आधार पर प्रत्याशी तय हो जाए।

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि बैठक में नगरीय निकाय चुनाव की रणनीति को लेकर चर्चा की जाएगी। प्रत्याशी चयन के लिए जिला स्तरीय समिति बनाई गई है। इसमें जिला प्रभारी, स्थानीय विधायक, पूर्व विधायक, जिला और ब्लाक इकाई के साथ सहयोगी संगठनों के पदाधिकारियों सहित सभी वरिष्ठ नेताओं को शामिल किया गया है। ये अपनी ओर से नाम सुझाएंगे, इसके आधार पर वरिष्ठ नेता नाम तय करेंगे। वरिष्ठ नेता सज्जन सिंह वर्मा ने बताया कि जहां सहमति बन चुकी है, वहां विधायकों को भी चुनाव लड़ाया जा सकता है।



### कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर श्वेतपत्र जारी करे सरकार

प्रदेश कांग्रेस ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि सरकार कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर श्वेतपत्र जारी करे। प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति खराब होती जा रही है।

## विभा पटेल होंगी भोपाल से कांग्रेस की महापौर पद की प्रत्याशी, कल हो सकती है घोषणा



**भोपाल।** कांग्रेस ने भोपाल नगर निगम के महापौर पद के लिए मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल का नाम तय कर लिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने इसके संकेत कोर ग्रुप की बैठक में दे दिए हैं। वहीं, सागर से पूर्व विधायक सुनील जैन की पत्नी निधि जैन को प्रत्याशी बनाने का निर्णय किया है। उन्होंने मंगलवार को कमल नाथ से मुलाकात कर आशीर्वाद भी लिया। वहीं, इंदौर से विधायक संजय शुक्ला का नाम तय है। नौ जून को पार्टी प्रत्याशियों के नाम की घोषणा कर सकती है।

सूत्रों ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ ने महापौर पद का चुनाव लड़ने के लिए कुछ प्रत्याशियों को फोन करके सूचित किया है। इसमें विभा पटेल का नाम भी शामिल है।

पटेल ने वर्ष 1999 ने महापौर का चुनाव लड़ा था और भाजपा की राजो मालवीय को हराया था। 2008 में पार्टी उन्हें गोविंदपुरा विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा चुकी हैं।

हालांकि, वे पराजित हो गई थीं। पार्टी ने उन्हें मार्च में मध्य प्रदेश महिला कांग्रेस का अध्यक्ष नियुक्त किया था। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का उनको समर्थन हासिल है और उनका भोपाल में व्यक्तिगत संपर्क भी बेहतर है।



## सीएम शिवराज सिंह चौहान ने सुबह 6:30 बजे से की आलीराजपुर जिले की समीक्षा

**भोपाल।** सीएम शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार सुबह 6:30 बजे से आलीराजपुर जिले के अधिकारियों के साथ वर्चुअल बैठक लेकर समीक्षा की। स्कूल चले हम अभियान की समीक्षा के दौरान आलीराजपुर डीइओ द्वारा कार्ययोजना तैयार न होने पर सीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की।

इससे पहले भी सीएम प्रदेश के कई जिलों की बैठक सुबह लेते रहे हैं। इस दौरान वे जिले में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हैं और अधिकारियों से बात कर उन्हें दिशा-निर्देश देते हैं।

## स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया प्रभावित ग्रामों में निकाला मलेरिया रथ

**अनिल कुशवाह ब्युरो**
**पुष्पांजलि टुडे**

**शिवपुरी-** जिले में मलेरिया नियंत्रण हेतु मलेरिया माह जून मलेरिया निरोधक माह के रूप में मनाया जा रहा है। इसी के अंतर्गत आज बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.पवन जैन, जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर द्वारा मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी मलेरिया सलाहकार व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारीगण उपस्थित रहे। यह मलेरिया रथ जिले के विगत वर्षों में मलेरिया प्रभावित क्षेत्रों में



भ्रमण कर जनसमुदाय को मलेरिया से बचाव व नियंत्रण के लिये जनजागरूक करेंगा। रथ के माध्यम से माइकिंग पेम्पलेट का वितरण पोस्टर बैनर आदि के माध्यम से जनसमुदाय को समझाइश दी जाएगी व बुखार के मरीजों की जाँच की जायेगी।

इस अवसर पर जिला मलेरिया अधिकारी ने लोगों से अपील की है कि घरों व आसपास पानी जमा न होने दें। सात दिवस में विभिन्न कंटेनरों में भरा पानी बदलते रहे तथा पूरे वाह के कपडे पहने तथा बुखार आने शासकीय स्वास्थ्य केन्द्रो में अपनी जांच कराएं व सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। जाँच की सुविधा जिला चिकित्सालय व समस्त स्वास्थ्य केन्द्र व आशा कार्यकर्ता के पास उपलब्ध है।

## अपशब्द कहने पर नाबालिग ने मामा की चाकू मारकर की हत्या

**भोपाल।** टीनशेड झुग्गी में विवाद के बाद नाबालिग ने अपनी मां और पिता के साथ मिलकर रिश्ते के मामा की हत्या कर दी। मरने वाला नाबालिग से आए दिन अपशब्द कहकर उसे प्रताड़ित करता था। पुलिस ने सभी आरोपितों को हिरासत में ले लिया है। टीटीनगर थाने के एसआइ सुनील रघुवंशी ने बताया कि 40 वर्षीय रामनाथ बुनकर टीनशेड झुग्गी में रहता था। उसके बगल में रामनाथ के मामा का दामाद राजू सोलंकी ममेरी बहन और नाबालिग बेटी के साथ रहता है। रामनाथ द्वारा राजू की नाबालिग बेटी को देखकर गंदे

## शराब के नशे में था पिता, अज्ञात ने दो साल के बेटे को अगवा कर लिया

### पुलिस ने 24 घंटे मे ही मासूम को बरामद किया

**भोपाल।** शराब के नशे में सडक़ किनारे पड़े पिता के पास से ही उसके दो साल के बेटे को अज्ञात आरोपी ने किडनेप कर लिया। शिकायत मिलने पर गांधी नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला कायम कर खोजबीन शुरू की और चौबीस घंटे के भीतर बच्चे को दस्तयाब कर लिया। पुलिस के मुताबिक बीती छह जून को थाने पहुचीं महिला ने बताया कि उसके पति उसके दो साल के बेटे को लेकर एक दिन पहले सुबह 8 बजे ठेकेदार के पास पैसे लेने गया था। लेकिन रात 11 बजे तक वो वापस नहीं लौटा। महिला ने आस पडोस के लोगो के साथ उसकी खोजबीन शुरू की। इसी दौरान इलाके मे स्थित श्रृद्धा अस्पताल के पास उसका पति नशे की हालत मे अकेला बेसूध पड़ा मिला। पति को जैसै तैसै उसने जगाकर बेटे के बारे मे पूछताछ की तो उसने बताया कि उसे बेटे के बारे में कुछ नहीं पता। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज कर मासूम की खोजबीन शुरू की। बच्चे की खोजबीन के लिए पुलिस ने थाना थाना क्षेत्र के सभी सीसीटीव्ही फुटेज चैक किए और आटो व बस चालक तथा थाना क्षेत्र के सभी घुमन्तु लोगों से पूछताछ की। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि होली फैमिली स्कूल के सामने मुर्गी पालन केन्द्र के पास बालक को देखा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और बच्चे को दस्तयाब कर लिया। पुलिस पता लगाने का प्रयास कर रही है कि किसने बच्चे को अगवा किया था अथवा बच्चा उक्त स्थान पर कैसे पहुंचा। बच्चे की तलाश के लिये पुलिस ने 10 हजार रुपए के इनाम की घोषणा की थी।

## मुणोत मुणोत को किया सम्मानित

**पुष्पाजंली टुडे**

**बेंगलूरू =-** बुधवार मारी अम्मा देवस्थान सेवा समिति शंकर मठ द्वारा आयोजित जात्रा महोत्सव मैं मुख्य अतिथि विजयनगर मारूति मेडिकल के प्रमुख महेंद्र मुणोत ने देवी मां के दर्शन कर जरूरतमंद बच्चों में शिक्षण सामग्री वितरित की समिति के सदस्यों ने मुणोत को माला पहनाकर सम्मानित किया गया।



## पंचायत चुनाव: 5 लाख 57 हजार 191 अभ्यर्थियों ने भरा नाम निर्देशन-पत्र

**भोपाल।** त्रि-स्तरीय पंचायत निर्वाचन के तहत 5 लाख 57 हजार 191 नाम निर्देशन-पत्र प्राप्त हुए हैं। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग राकेश सिंह ने जानकारी दी है कि जिला पंचायत सदस्य के लिए कुल 7794 अभ्यर्थियों में से 3557 पुरूष और 4236 महिला एवं एक अन्य अभ्यर्थी है।

जनपद पंचायत सदस्य के लिए कुल 36 हजार 20 अभ्यर्थियों में से 15 हजार 709 पुरूष और 20 हजार 311 महिला अभ्यर्थी हैं। सरपंच पद के लिए कुल एक लाख 40 हजार 109 अभ्यर्थियों में से 65 हजार 624 पुरूष और 74 हजार 476 महिला एवं 9 अन्य अभ्यर्थी हैं। पंच पद के लिए कुल 3 लाख 73 हजार 268 अभ्यर्थियों में से एक लाख 75 हजार 556 पुरूष, एक लाख 97 हजार 711 महिला और एक अन्य अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किये हैं।

जिला पंचायत सदस्य के लिए जिला भोपाल में 91, श्योपुर में 112, मुरैना में 288, भिण्ड में 301, ग्वालियर में 183, दतिया में 127, शिवपुरी में 309, गुना में 180, अशोकनगर में 125, सागर में 245, टीकमगढ़ में 222, छतरपुर में 273, दमोह में 173, पन्ना में 163, सतना में 331, रीवा में 383, सीधी में 177, सिंगरौली में 135, शहडोल में 154, अनूपपुर में 94, उमरिया में 98, कटनी में 103, जबलपुर में 124, डिंडोरी में 80, मण्डला में 122, बालाघाट में 145, सिवनी में 133, नरसिंहपुर में 91, छिन्दवाड़ा में 155, बैतूल में 159, हरदा में 47, नर्मदापुरम में 88, रायसेन में 134, अभ्यर्थी ने नाम निर्देशन-पत्र प्रस्तुत किया है।

## पुलिस का दावा: सफल रहा कमिश्नर सिस्टम

# 6 महीने में 40 फीसदी कम हुए अपराध

**भोपाल।** भोपाल में पुलिस कमिश्नर सिस्टम सफल साबित हो रहा है. ये सिस्टम लागू हुए 6 महीने हुए हैं लेकिन शहर के क्राइम रेट में तेजी से कमी आई है. पुलिस कोर्ट की वजह से अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसा गया है. साइबर क्राइम पर भी कंट्रोल हो रहा. कम्युनिटी पुलिसिंग से महिला अपराध, साइबर सिक्यूरिटी को लेकर जन आंदोलन छेड़ा गया है।

पुलिस की सफलता के ये दावे खुद पुलिस कर रही है। भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू हुए 6 महीने हो गए हैं. 9 जनवरी को सरकार ने दोनों शहरों में पुलिस कमिश्नर सिस्टम लागू किया था. इस सिस्टम के लागू होने से लेकर अब तक जनता और पुलिस के स्तर पर कई बड़े बदलाव हुए हैं. यह सिस्टम अपराध और अपराधियों पर शिकंजा कसने के साथ आम जनता को सुविधा मुहैया कराने के लिए कारगर साबित हो रहा है।



### 6 महीने 6 बड़ी उपलब्धि

- पुलिस कोर्ट की स्थापना-6 हजार से ज्यादा बदमाशों पर वाउंड ओवर कार्रवाई।
- -ई ऑफिस से पुलिस का पूरा काम पेपर लेस.
- साइबर सिस्टम मजबूत. शहर में 5 ष्टष्टक्रऔर 1 क्राइम ब्रांच की साइबर सेल है।
- ट्रैफिक की ई चालान व्यवस्था, ह्वङ्घष्ट के सॉफ्टवेयर से चालानी कार्यों में पारदर्शिता. वर्चुअल कोर्ट से ट्रैफिक सिस्टम कनेक्ट।
- कम्युनिटी पुलिस के तहत 600 से ज्यादा स्टूडेंट्स को इंटर्नशिप कराकर साइबर सिक्यूरिटी और महिला अपराध के खिलाफ जन आंदोलन।
- बीट और फीडबैक सिस्टम के तहत थाना स्तर की व्यवस्था और पुलिसिंग में बड़ा बदला. बीट सिस्टम से आरक्षक स्तर के कर्मचारी को जिम्मेदारी मिली. फीडबैक सिस्टम से थानों की रैंकिंग के जरिए व्यवस्था में परिवर्तन।

### ऐसे हुआ सुधार

भोपाल पुलिस कमिश्नर मकरंद देउस्कर ने कहा पुलिस कमिश्नर सिस्टम के जरिए अपराधों पर कंट्रोल करने के साथ आम जनता को भी सुविधाएं मिली हैं. हम इस सिस्टम के साथ शहर की कानून और सुरक्षा व्यवस्था पर बेहतर कंट्रोल कर रहे हैं. पिछले 5 महीनों के आंकड़ों की तुलना की जाए तो 2021 के 5 महीनों में कुल अपराध 10791 हुए थे. जबकि 2022 के 5 महीनों में 6971 अपराध हुए हैं. इस हिसाब से अपराधों में 40 फीसदी की कमी आई है. महिला अपराध में जरूर मामूली बढ़ोत्तरी हुई है. लेकिन पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जागरूकता की वजह से अब महिलाएं अत्याचार के खिलाफ आवाज उठा रही हैं।

**मुख्यमंत्री चौहान ने मूंग और उड़द के प्रस्तावित उपार्जन की जानकारी ली**

# खरीफ के लिए बीते वर्ष से 8.7667 लाख क्विंटल ज्यादा बीज उपलब्ध

**भोपाल।** प्रदेश में खरीफ 2022 के लिए धान, मक्का, ज्वार, बाजारा, कोदो-कुटकी, उड़द, मूंग, तुअर, सोयाबीन, मूंगफली, तिल, रामतिल और कपास की कुल 25.9011 लाख क्विंटल बीज की व्यवस्था की गई है। गत वर्ष 17.1344 लाख क्विंटल बीज की व्यवस्था की गई थी। इस तरह गत वर्ष से खरीफ के लिए 8.7667 लाख क्विंटल अधिक मात्रा में बीज की उपलब्धता है।

यह जानकारी आज यहाँ मंत्रालय में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में दी गई। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रदेश में उपार्जित मूंग तथा उड़द के उपयोग के संबंध में भी जानकारी ली। वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, किसान कल्याण और कृषि विकास मंत्री कमल पटेल, सहकारिता मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, अपर मुख्य सचिव कृषि अजीत केसरी, कृषि उत्पादन आयुक्त शैलेन्द्र सिंह, प्रमुख सचिव सहकारिता के.सी गुप्ता और मार्कफेड के एमडी पी. नरहरि उपस्थित थे।

### प्रदेश में उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता

मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में उर्वरकों की उपलब्धता और उसके प्रदाय के संबंध में की गई व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। यूरिया, डी.ए.पी., एन.पी.के., एस.एस.पी. और एम.ओ.पी. की एक अप्रैल 2022 से अब तक विक्रय और भंडारण की जानकारी दी गई। प्रदेश के सभी 52 जिलों में पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा भंडारण हुआ है। डी.ए.पी. बिक्री की पिछले वर्ष से तुलना करें तो प्रदेश के 49 जिलों में ज्यादा भंडारण व्यवस्था हुई है। इसी तरह एन.पी.के. की बिक्री भी बीते वर्ष से अधिक हुई है। एस.एस.पी. और यूरिया का भी तुलनात्मक रूप से ज्यादा मात्रा में भंडारण किया गया है।

### निर्बाध आपूर्ति और सब्सिडी

बताया गया कि प्रदेश में खाद और उर्वरक की पर्याप्त मात्रा उपलब्ध होने से खरीददारों को लाइन लगाकर खरीदारी करने और ब्लेक में खरीदने जैसी समस्याओं से मुक्ति मिली है। किसानों को सब्सिडी से सीधे राहत देने की व्यवस्था की गई थी। वर्तमान में भी जरूरी सब्सिडी के साथ उर्वरक की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की गई है।

### मूंग और उड़द उपार्जन

प्रदेश में वर्ष 2022-23 में 4 लाख 03 हजार मेट्रिक टन मूंग और 27 हजार मीट्रिक टन उड़द के प्रस्तावित उपार्जन से संबंधित प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा गया था। केन्द्र सरकार ने मूंग के लिए 2 लाख 25 हजार 525 मीट्रिक टन और उड़द के लिए 21 हजार 400 मीट्रिक का उपार्जन लक्ष्य दिया है। मुख्यमंत्री चौहान ने प्रदेश में वर्ष 2021-22 में उपार्जित मूंग और उड़द के संबंध में भी जानकारी ली। प्रदेश में पिछले वर्ष 4 लाख 39 हजार 563 महट्रिक टन मूंग की खरीदी 301 केन्द्रों से की गई। राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार के लक्ष्य से तीन गुना अधिक खरीदी की। कुल एक लाख 85 हजार किसानों से मूंग की खरीद की गई। अधिक उपार्जित मूंग के व्यवस्थित निस्तारण के प्रयास किए गए हैं। उपलब्ध 01 लाख 92 हजार 313 मीट्रिक टन मूंग में से 78 हजार 511 मीट्रिक टन मात्रा मध्यान्ह भोजन के लिए उचित मूल्य दुकानों से वितरण योग्य है।

## सीएम राइज स्कूल योजना के तहत किए गए तबादले पर रोक

**जबलपुर।**हाई कोर्ट ने सीएम राइज स्कूल योजना के तहत पसंद के विपरीत किए गए स्थानांतरण पर अंतरिम रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति नंदिता दुबे की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता शिक्षक का अभी तक रिलीविंग आर्डर नहीं आया है, इसलिए आगामी सुनवाई तक वह मूल पदस्थापना में ही बनी रहेंगी। कोर्ट ने इस मामले में राज्य सरकार को एक सप्ताह में जवाब पेश करने कहा है। सिवनी के शासकीय स्कूल में पदस्थ शिक्षिका रश्मि पांडे ने याचिका दायर कर बताया कि 26 मई, 2022 को विभाग द्वारा स्थानांतरण आदेश जारी किया गया। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता थमन खड़का ने बताया कि शासन द्वारा लागू की गई सीएम राइज स्कूल योजना के तहत आवेदन पेश किया था। लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद याचिकाकर्ता से उसकी च्वाइस भरवाई गई थी। दलील दी गई कि प्रशासकीय जरूरत बताते हुए च्वाइस की जगह उसे अन्यत्र स्थानांतरण कर दिया गया।

# त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए मतपेटियों का करें सुनियोजित प्रबंधन

### राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्देश जारी

ग्वालियर। सचिव राज्य निर्वाचन आयोग श्री राकेश सिंह ने सभी कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जिलों में उपलब्ध उपयोगी मतपेटियों की चरणवार आवश्यकता के आकलन तथा उपलब्ध मतपेटियों के अधिकतम सदुपयोग और प्रबंधन, आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार करें। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष-2022 तीन चरणों में समस्त पदों के चुनाव मतपत्र/मतपेटी से कराए जा रहे हैं।

### मतदान केन्द्र पर मतपेटी

प्रत्येक मतदान केन्द्र पर एक मतपेटी देने का प्रावधान है। वर्तमान में प्रति मतदान केन्द्र मतदाताओं की संख्या को दृष्टिगत रखते हुए इन निर्देशों में परिवर्तन किया जा रहा है। पंचायत आम निर्वाचन-2022 में प्रत्येक मतदान केन्द्र पर मतदाता संख्या 500 तक होने पर एक बड़ी मतपेटी, 501 से 700 तक मतदाता होने पर एक बड़ी और एक छोटी मतपेटी तथा 700 से अधिक मतदाता होने पर 2 बड़ी मतपेटी दी जायें। त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन वर्ष 2022 के लिए निर्धारित निर्वाचन कार्यक्रम में मतदान की तिथियों में पर्याप्त अंतराल रखा गया है। जिलों में 2 अथवा 3 चरणों में निर्वाचन कराए जाने की स्थिति में, प्रथम चरण के लिए उपयोग में लाई गई मतपेटी को द्वितीय चरण में तथा इसी प्रकार द्वितीय चरण के लिए उपयोग में लाई गई मतपेटी को तृतीय चरण में भी उपयोग किया जाए। किसी एक चरण में सम्मिलित किए गए विकासखण्डों में मतदान/ मतगणना के बाद उन विकासखण्डों में प्रयुक्त मतपेटियों को अगले चरण में सम्मिलित विकासखण्डों में मतदान के लिए भेजा जाएगा। इसके लिए जिले के भीतर अंतर्परिवहन का उपयुक्त प्लान तैयार किया जाए। विशेष परिस्थितियों में यदि जिला निर्वाचन अधिकारी विकासखण्ड मुख्यालय पर मतगणना का निर्णय लेते हैं तो इस स्थिति में मतगणना के तत्काल बाद मतपेटियों को अगले चरण के निर्वाचन के लिए (सामग्री वितरण के पूर्व) संबंधित विकासखण्ड में अनिवार्यतः भिजवाने की व्यवस्था करें।

### आवश्यकता का आकलन

पंचायत आम निर्वाचन के पृथक-पृथक चरणों के लिए बड़ी एवं छोटी मतपेटियों की आवश्यकता का आकलन मतदाताओं की संख्या के वर्गीकरण के आधार पर किया जाए। प्रत्येक चरण में सम्मिलित विकासखण्डों में मतदाताओं की संख्या अनुसार निर्धारित मतदान केन्द्रों की संख्या को आधार मानकर चरणवार मतपेटियों की आवश्यकता परिगणित की जाए। प्रत्येक जिले में चरणवार आवश्यक मतपेटियों की संख्या की गणना की जाकर तीनों चरणों में से किसी भी एक चरण में उपयोग की जाने वाली अधिकतम मतपेटियों की संख्या को जिले की न्यूनतम आवश्यकता मानकर वास्तविक आवश्यकता का आकलन किया जाए। किसी जिले के पास छोटी मतपेटियाँ नहीं / कम होने की स्थिति में छोटी मतपेटी के स्थान पर बड़ी मतपेटी दी जाए। मतदान केन्द्र की आकस्मिक आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रत्येक जोनल / सेक्टर अधिकारियों को पर्याप्त संख्या में रिजर्व मतपेटियाँ (छोटी/बड़ी) दी जाना चाहिए। इसके लिए जिले की आवश्यकत्ता का आकलन करते समय न्यूनतम 10 प्रतिशत मतपेटियाँ रिजर्व रखी जाएँ तथा सामग्री वितरण के दौरान जोनल/सेक्टर अधिकारियों को दी जाएँ।

### मतपेटियों का अंतर्जिला परिवहन

आयोग स्तर से प्रत्येक जिले के लिए मतदान केन्द्र पर मतदाताओं की संख्या को आधार मानकर मतपेटियों की चरणवार आवश्यकता का विस्तृत आकलन एवं विश्लेषण किया गया है। तदुपरांत 14 जिलों यथा-धार, देवास, खण्डवा, बुरहानपुर, नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, नरसिंहपुर, सिवनी, बालाघाट, सीधी, उमरिया, अनूपपुर और कटनी में मतपेटियों की कमी है। इन जिलों को आवश्यक मतपेटियों की आपूर्ति, निकटस्थ जिलों से अंतर्जिला परिवहन के माध्यम से कराए जाने के आदेश जारी किये जा रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कार्य में लापरवाही पर जनमित्र प्रभारी को कारण बताओ नोटिस जारी

ग्वालियर। निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल के निर्देशानुसार उपायुक्त जनमित्र श्री सुनील सिंह चौहान द्वारा विभिन्न जनमित्र केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को देखा तथा शासन की योजनायें समय पर हितग्राहीयों को मिले इसके लिये संबंधित जनमित्र प्रभारियों को निर्देशित किया। उपायुक्त जनमित्र श्री चौहान द्वारा जनमित्र 19 महाराजा बाडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आवेदनों की आवक जावक रजिस्टरो को चौक किया। संपतिकर एंव जन्म मृत्यु के आवेदनों को समय सीमा में निराकरण कराने के निर्देश के साथ ही बाहर गेट पर जनमित्र केन्द्र लिखा हुआ फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए। उपायुक्त श्री चौहान ने निरीक्षण में पाया कि लगभग पांच माह पहले तैयार 14 कामकाजी कार्ड आज भी जनमित्र पर रखे हैं। इस संबंध में जनमित्र प्रभारी द्वारा बताया गया कि उक्त कार्ड डबल तैयार हो गए हैं, उपायुक्त ने तत्काल पंचनामा तैयार कर कार्ड जब्त कराए। इसके साथ ही जनमित्र प्रभारी की कार्य में लापरवाही व कई दिनों से बने रखे हुए कार्डो को लेकर अपर आयुक्त द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। निरीक्षण में श्री भूपेन्द्र शर्मा भी मौजूद थे।

### निगमायुक्त ने क्षेत्र भ्रमण कर देखी सफाई व्यवस्था, गंदगी मिलने पर वसूला जुर्माना

ग्वालियर। शहर की साफ सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने एवं निरंतर मॉनीटरिंग के लिए निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल द्वारा प्रतिदिन सुबह क्षेत्र भ्रमण किया जा रहा है तथा विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर कर्मचारियों के साथ आमजनों को भी स्वच्छता के प्रति जागरुक किया जा रहा है। निगमायुक्त श्री कन्याल द्वारा ग्वालियर की दक्षिण विधानसभा क्षेत्र में काला सैयद नाला और मामा का बा?ार क्षेत्र में बहने वाले स्वर्णरेखा नाले का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि बरसात से पहले नालों की सफाई सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही निरीक्षण के दौरान देखा कि आमजन द्वारा स्वणरिखा नाले में गंदगी फैलाई जा रही है, जिस पर नाराजगी व्यकत करते हुए। गंदगी फेलाने वालों से जुर्माना बसूलने के निर्देश दिये। इसके साथ ही हुजरात कोतवाली में नवीन पानी की टंकी और हुजरात मार्किट का निरीक्षण कर काम को गति देकर जल्द काम खत्म करने के निर्देश दिए गए। लक्ष्मीगंज ,गोलपहाडिया पर सुलभ कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण किया गया जंहा अनियमिता पाए जाने पर कर्मचारी को फटकार लगाई गई। निरीक्षण के दौरान जब निगमायुक्त श्री कन्याल का वाहन दौलतराम गुप्ता गजक भंडार के सामने से निकला तो देखा की दुकान द्वारा पानी को रोड पर व्यर्थ ही फैलाया जा रहा है, जिस पर वाहन रोक कर दौलतराम गुपता गजक भंडार पर जुर्माना वसूला गया तथा आगे पानी न फेलाने की समझाईस दी गई। निरीक्षण के दौरान देखा कि सडको पर फल, सब्जी व अन्य सामान के ठेले सडक पर खडे हुए हैं जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारी को निर्देशित किया कि सडकों पर खडे होने वाले ठेलों को लक्ष्मीगंज हाकर्स जोन में शिफ्ट किया जाए। साथ ही हुजरात कोतवाली रोड पर कबा? के दुकानदार के द्वारा स?क घेर कर गंदगी करने पर जुर्माना किया गया।वहीं इसके अलावा हुजरात कोतवाली तिराहे पर नाश्ते दुकान पर गदगी मिलने पर जुर्माना वसूल किया गया।

### खुले में बाथरूम करने पर बिरला हॉस्पिटल के वाहन चालक पर नगर निगम कमिश्नर ने जुर्माना लगाया

नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले थे, तभी एक व्यक्ति एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी की दीवार पर बाथरूम कर रहा था, जिस पर निगमायुक्त श्री कन्याल ने पहले तो जमकर लता? लगाई और फिर जुर्माना वसूल किया। पूछताछ में व्यक्ति ने बताया कि वह बिरला हॉस्पिटल में वाहन चालक है। बाद में उक्त व्यक्ति ने कसम खाई कि अब कभी भी खुले में बाथरूम नही करूँगा।

### वर्षाकाल में संभावित शहरी बाढ नियंत्रण के लिए बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित

ग्वालियर। नगर निगम आयुक्त श्री किशोर कन्याल के आदेशानुसार वर्षाकाल में संभावित शहरी बा? नियंत्रण हेतु रूपसिंह स्टेडियम पर स्थित फायर ब्रिगेड मुख्यालय पर बाढ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। यह नियंत्रण कक्ष अपर आयुक्त के निर्देशन में कार्य करेगा तथा बाढ नियंत्रण कक्ष के प्रभारी नोडल ऑफीसर फायर ब्रिगेड रहेगें। शहर की बाढ नियंत्रण तथा राहत कार्य के विधानसभावार अधिकारी सीसीओ चारों विधानसभाओं में कन्ट्रोल रूम स्थापित करें एवं नोडल अधिकारी बाढ नियंत्रण के निर्देशन में कार्य करेगें। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नं. 0751-2342101, 2438361 है। वर्षाकाल को देखते हुए निगमायुक्त श्री किशोर कन्याल ने संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर बाढ नियंत्रण कक्ष के साथ ही आपदा प्रबंधन एवं अन्य बिंदुओं को लेकर निगम अधिकारियों की बैठक ली तथा आवशयक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। बैठक में अपर आयुक्त श्री अतेन्द्र गुर्जर, श्री मुकुल गुप्ता, उपायुक्त श्री अमर सत्य गुप्ता, श्री एपीएस भदौरिया, अधीक्षण यंत्री श्री जेपी पारा, उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सत्यपाल सिंह चौहान, डॉ. अतिबल सिंह सहित सभी विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निर्देशित करते हुए कहा कि वर्षा प्रारंभ होने से पूर्व शहर में स्थित पुल एवं पुलियों की सफाई, नालों के मुहाने खुलवाये जावें, नालों की सफाई एवं मरम्मत तत्काल पूर्ण करायी जाये। इसके साथ ही नगर निगम सीमा क्षेत्र में संभावित जीर्णशीर्ण एवं भयप्रद मकानों की सूची तैयार करें। साथ ही ऐसे स्थानों को चिन्हित किया जावें, जिनमें वर्षाकाल में पानी भराव होता है या होने की संभावना होती है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की ओर आगे बढ़ रहा हैः शेजवलकर



ग्वालियर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति की ओर आगे ब? रहा है। एक समय भारत की गिनती विकसित राष्टों में नहीं होती थी आज मोदी जी के नेतृत्व में भारत की छवि पूरे विश्व में अग्रणी है। मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के मंत्र पर कार्य कर रही है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाएं जनआकांक्षाओं के अनुरूप है। केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ वंचित वर्ग को शत प्रतिशत मिले इस हेतु हम कार्यकर्ताओं को अपने दायित्व का निर्वहन ईमानदारी से करना चाहिए। उक्त उद्गार सांसद श्री विवेक नारायण शेजवलकर ने दौलतगंज स्थित गिर्राज धर्मशाला में आयोजित विवेकानंद मंडल की कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए।

इस अवसर पर मंच पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश अग्रवाल, महेश जायसवाल, नवीन परांडे, गौरव वाजपेयी, महेंद्र मौर्य उपस्थित थे।

श्री शेजवलकर ने कहा कि नगरीय निकाय चुनाव का बिगुल बज चुका है। मतदान केंद्र पर कार्य करने वाली टोली को अब सक्रिय होने की आवश्यकता है। क्योंकि भारतीय जनता पार्टी 365 दिन कार्यक्रम के माध्यम से जनता के बीच में कार्यकर्ता जाते हैं। प्रत्येक मतदान केंद्र पर पार्षद प्रत्याशी, महापौर प्रत्याशी अधिकतम मतों से विजयश्री वरण करें इस हेतु मंडल के पदाधिकारी, मोर्चो के पदाधिकारी, स्थानीय समिति के अध्यक्ष, वार्ड संयोजक जनता के बीच में जाएं और सरकार की योजनाओं का लाभ जिनका मिला है उनसे संवाद करें और बताएं भाजपा विश्व का सबसे बडा राजनैतिक दल है। भाजपा के कार्यकर्ता राजनैतिक दल में सेवा करने के लिए समाज में कार्य कर रहे हैं। यही कारण है कि कोरोना काल के दौरान जब अन्य दलों के नेता और कार्यकर्ता अपने घरों में बैठ गए थे जब भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपनी जान की परवाह किए बिना आगे आकर समाज में काम किया था।

विवेकानंद मंडल की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मनोज मुटाटकर ने की।

कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री महेंद्र मौर्य ने एवं आभार मंडल महामंत्री गौरव वाजपेयी ने व्यक्त किया।

इस अवसर पर गौरव कुलश्रेष्ठ, गिरीश इंदापुरकर, रूपचंद्र जैन, डॉ राहुल सप्रा, डॉ प्रकाश लोहिया, विपुल जैन आदि मौजूद थे।

## नगरीय क्षेत्र के लायसेंसधारी अब 10 जून तक पुलिस थानों में शस्त्र जमा कर सकेंगे

### नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन-2022

### लायसेंसधारियों की अधिक संख्या के मद्देनजर बढ़ाई गई शस्त्र जमा करने की तिथि

ग्वालियर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिले के नगरीय निकाय क्षेत्र में लायसेंसधारियों की अधिक संख्या को ध्यान में रखकर शस्त्र जमा करने की तिथि ब?ा दी है। नगर निगम ग्वालियर सहित जिले के अन्य नगरीय निकायों में निवासरत लायसेंसधारी अब अपने शस्त्र 10 जून 2022 तक पुलिस थानों में जमा कर सकेंगे। पहले नगरीय निकाय क्षेत्रों के लायसेंसधारियों को अपने शस्त्र 7 जून 2022 तक संबंधित पुलिस थानों में जमा करने के लिए आदेश दिए गए थे।

ज्ञात हो राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले के सभी नगरीय निकायों में भी आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। नगरीय निकाय आम निर्वाचन के दौरान जिले में लोक शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने नगर पालिका निगम ग्वालियर सहित नगर पालिका परिषद डबरा, नगर परिषद आंतरी, भितरवार, बिलौआ, पिछोर व मोहना के सभी निवासियों के अस्त्र-शस्त्र लायसेंस तत्काल प्रभार से निलंबित कर दिए हैं। जिला दण्डाधिकारी ने दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा-144 के तहत इस आशय का आदेश जारी किया है।

यह प्रतिबंधात्मक आदेश माननीय न्यायाधिपतिगण, न्यायाधीश, प्रशासनिक अधिकारी, शासकीय अभिभाषक, सुरक्षा व चुनाव व्यवस्था आदि में कर्तव्य पालन के लिये तैनात किए गए सेक्टर मजिस्ट्रेट, सुरक्षा बल, अर्द्धसैनिक बल, विशिष्ट व्यक्तियों, अधिकारियों व उम्मीदवारों की सुरक्षा में लगाए गए पुलिस कर्मियों सहित अन्य शासकीय बलों, बैंक गार्डों आदि पर लागू नहीं होगा।

### ग्रामीण क्षेत्र में 7 जून तक शस्त्र जमा न करने वालों के लायसेंस होंगे निरस्त

ग्रामीण क्षेत्र के जिन लायसेंसधारियों ने 7 जून 2022 तक पुलिस थानों में शस्त्र जमा नहीं कराए हैं, उनके शस्त्र लायसेंस निरस्त किए जायेंगे। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने थानों में शस्त्र जमा न करने वाले लोगों के लायसेंस निरस्त करने के प्रस्ताव पुलिस अधीक्षक से मांगे हैं।

## भाजपा के प्राण उसकी विचारधारा और संगठन की ताकत उसके निष्ठावान कार्यकर्ता हैं-समीक्षा गुप्ता



ग्वालियर। भाजपा के प्राण उसकी विचारधारा और संगठन की ताकत उसके निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। अगर कोरोना काल में देश में नरेंद्र मोदी की सरकार नहीं होती तो देश अराजकता की तरफ चला जाता। भारतीय जनता पार्टी का मूल उद्देश्य भारत को सार्वभौमिक शक्ति संपन्न भारतीय सभ्यता और संस्कृति के अनुकूल संपन्न राष्ट्र बनाना है। राष्ट्रवाद भाजपा का मूल मंत्र है। भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को इस बात का गर्व होना चाहिए। उक्त उद्गार पूर्व महापौर श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने बहो?पुर स्थित गरगज वाटिका में आयोजित कोटेश्वर मंडल की कार्यसमिति की बैठक में मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए। इस अवसर पर मंच पर हेमलता बुधौलिया, रामवीर तोमर, आरके गुप्ता, पप्पू बडौरी, मुलायम सिंह यादव, मोहन विटवेकर, परवेज खान उपस्थित थे।

मोदी सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए श्रीमती समीक्षा गुप्ता ने कहा कि धारा 370 का उन्मूलन, अयोध्या में राममंदिर निर्माण का पुनीत कार्य का शुभारंभ देश की दशा व दिशा बदलने की ऐतिहासिक उपलब्धियां हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### राज्य बैंडमिंटन अकादमी ग्वालियर में प्रवेश के लिए प्रतिभा चयन 13 से 22 जून तक

ग्वालियर। मध्यप्रदेश राज्य बैंडमिंटन अकादमी ग्वालियर में प्रवेश के लिए 13 से 22 जून तक विभिन्न जिलों में प्रतिभा चयन कार्यक्रम किए जा रहे हैं। प्रारंभिक चयन भोपाल के टी.टी. नगर स्टेडियम में 13 एवं 14 जून तथा इंदौर के नेहरू स्टेडियम में 16 एवं 17 जून को निर्धारित है। अंतिम चयन प्रक्रिया ग्वालियर के श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल परिसर में 20 से 22 जून तक किया जाएगा। चयन प्रक्रिया में 10 से 17 वर्ष के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए बैंडमिंटन प्रशिक्षक श्री विष्णुवर्धन रेड्डी से मोबाइल नंबर-7013996585 पर सम्पर्क किया जा सकता हैं। प्रतिभा चयन में शामिल होने वाले प्रतिभागियों को आने-जाने का किराया एवं आवास की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।

### जिले में कम से कम 5 आदर्श मतदान केन्द्रर बनायें : श्री बसंत प्रताप सिंह

ग्वालियर। राज्यर निर्वाचन आयुक्तप श्री बसंत प्रताप सिंह ने कलेक्टरर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों से कहा है कि जिले में कम से कम पॉच मतदान केन्द्रों को आदर्श मतदान केन्द्रन के रूप में तैयार किया जाए। इन मतदान केन्द्रों में मतदान दिवस पर जरूरी व्यावस्थोएँ कर आदर्श मतदान केन्द्रल बनाया जा सकता है।

**आदर्श मतदान केन्द्रल की विशेषताएँ**

मतदान केन्द्रक भवन के भू-तल पर बनायें। प्रवेश द्वार को तोरण द्वार, रंगोली, गुब्बायरों एवं फूलों आदि से सजायें। मतदाताओं के लिए छायादार प्रतीक्षा कक्ष, बैठने के लिए कुर्सियाँ/स्वरच्छ? दरी आदि की व्ययवस्थाद करें। पेयजल, शौचालय की व्यावस्थां और सुगम पहुँच मार्ग बनायें। महिला एवं पुरूषों के लिए पृथक-पृथक लाइन बनाने के साथ ही वरिष्ठर, वृद्ध, बीमार एवं दिव्यांनग मतदाताओं को मतदान में प्रथामिकता दिलाये। प्रवेश एवं निर्गम द्वार पृथक-पृथक बनायें। रैम्पर और व्हीमल चेयर और फर्स्ट्। एड बॉक्स की व्यरवस्थाग करें। मतदान केन्द्रग के पास सुविधा केन्द्रय की स्था?पना और आदर्श मतदान केन्द्रत के प्रत्येणक मतदाता को 100 प्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण करें।

**नगरीय निकाय आम निर्वाचन-2022**

### नाम निर्देशन पत्र के साथ शपथ पत्र भी जमा करना होगा

ग्वालियर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित नगरीय निकायों के आम निर्वाचन के अनुसार होने वाले निर्वाचन के दौरान चुनाव लड़ने के इच्छुक अभ्यर्थियों को नाम निर्देशन पत्र के साथ आयोग द्वारा निर्धारित प्रारूप में शपथ पत्र भी अनिवार्यत- जमा करना होगा। नाम निर्देशन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को अपरान्ह 3 बजे के पूर्व शपथ पत्र जमा करना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन कार्यालय (स्थानीय निर्वाचन) से प्राप्त जानकारी के अनुसार शपथ पत्र में अभ्यर्थी की आपराधिक पृष्ठभूमि, अचल सम्पत्ति का ब्यौरा, देनदारियां तथा शैक्षणिक योग्यता इत्यादि की जानकारी का स्पष्ट उल्लेख करना होगा। शपथ पत्र को नोटरी, शपथ आयुक्त या मजिस्ट्रेट के समक्ष सत्यापित होना चाहिए। शपथ पत्र का कोई बिंदु अथवा कॉलम खाली नहीं छोड़ा जा सकेगा।

### भव्य नवीन मंदिर एवं वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव 30 जून एवं 1 जुलाई तक होगा।

**वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव में सौधर्म, कुबेर, यज्ञनायक व इंद्रागण करेगे धार्मिक क्रियाएं**

**मंगलवार को महोत्सव की क्रियाए करने वाले मुख्य पत्रों का चयन कार्यक्रम किया।**

ग्वालियर-ऐतिहासिक नगर ग्वालियर के दक्षिण प्रवेश द्वार गुड़ी गुड़ा नाका स्थित श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन वरैया पंचायती मन्दिर जिनालय का निर्माण सम्पन्न हो चुका है। इस नवीन मंदिर में अतिशय कारी भगवान पार्श्वनाथ (सातऊ वाले बाबा) की प्रतिमा भव्य वेदी में विराजेंगे। आचार्य 108 श्री निर्मल सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य गिरनार पीठाधीश्वर कर्मयोगी क्षुल्लक 105 श्री समर्पण सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में नवीन मंदिर की शुद्धि, शिखर एवं भव्य वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव कार्यक्रम 30 जून एवं 1 जुलाई तक कार्यक्रम आयोजित होगा। तैयारियो को लेकर 07 जून मंगलवार को महोत्सव में धार्मिक क्रियाए करने वाले मुख्य पत्रों का चयन कार्यक्रम आयोजित किया गया।




स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130 नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478